# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, मंगलवार, 2 जनवरी, 2024

## नए साल पर एक लाख लोगों ने किए मां बम्लाई के दर्शन

साल की पहली सुबह मंदिरों में आरती में शामिल होने के लिए रेलमपेल की स्थिति रही। डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर से लेकर कई बड़े मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। आलम यह रहा कि पहले दिन करीबन एक लाख श्रद्धालुओं ने मां बम्लेश्वरी का दर्शन प्राप्त किया। इसके अलावा भी अन्य मंदिरों में सुबह परिवार समेत लोगों ने मंदिरों में माथा टेककर नववर्ष की शुरूआत की। नए साल का पहला दिन सोमवार को लोगों ने धार्मिक भावना से ओतप्रोत होकर एक वर्ग ने बेहद ही शांति के साथ मंदिरों में अपना समय गुजारा। शहर के देवालयों में नए साल का आगाज करने के लिए लोग सुबह से पूजा-अर्चना करने के लिए पहुंचे। शहर के अलावा जिले के प्रसिद्ध मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भीड़ अन्य दिनों की तुलना में अधिक रही।
शहर के शीतला मंदिर, पाताल भैरवी में सुबह से ही लोगों ने नए साल में तरक्की और सुखमय जीवन के लिए माथा टेका।

## साल के पहले दिन मंदिरों में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

- पहले दिन मंदिरों में आई भक्तों की भीड़ के लिए विशेष इंतजाम भी समितियों द्वारा किया गया था। इसके साथ ही मंदिरों को फूलों एवं अन्य सामग्री से सजावट भी की गई।
- मंदिरों में पहले दिन उमड़ी भीड़ का असर व्यापार पर भी दिखा। फूलों की दुकान से लेकर प्रसाद और मिठाईयां प्रतिष्ठानों में साल के पहले ही दिन बेहतर ग्राहकी देखने को मिली।







### केंद्र द्वारा बदले गए नियमों के खिलाफ ड्राइवरों में नाराजगी का दिखा चौतरफा असर

# ड्राइवरों की हड़ताल से थमे बस के पहिये, ट्रांसपोर्टिंग ठप, पेट्रोल पंप ड्राय..स्कूलों में 2 दिन ऑनलाइन पढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट में किए गए बदलाव के विरोध में सोमवार से प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। ड्राईवर संघ द्वारा की जा रही इस हड़ताल के चलते साल के पहले ही दिन परिवहन की पूरी व्यवस्था पटरी से उतर गई। किसी भी रूट की बस सड़कों पर दौड़ती हुई नहीं दिखी। वहीं ट्रांसपोर्टिंग में लगे बड़े वाहन भी सड़कों से गायब दिखे। आने वाले तीन दिनों तक यह हड़ताल जारी रहने वाली है। ऐसे में हड़ताल समाप्त होने से पहले तक इस स्थिति से निजात मिलने की संभावना नहीं नजर आ रही है।

इधर इस हड़ताल का असर जमीन पर भी देखने को मिला। सुबह से अपने सफर के लिए बस स्टैंड पहुंचने वाले यात्रियों को जब बसें नहीं मिली तो उन्हें परेशान होकर मायूस ही वापस लौटना पड़ा। ग्रामीण अंचल से शहर तक पढ़ाई, व्यापार और रोजी-मजदूरी के लिए आने वाले लोग भी अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए विकल्प तलाशते रहे।

मिली जानकारी के अनुसार केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में किए गए कानूनों में बदलाव के अंतर्गत मोटर व्हीकल एक्ट में भी बड़ा अंतर आ गया है। जिसके तहत अब सड़क हादसे में जुर्माना के साथ ही सजा का भी प्रावधान तय किया गया है। इसी के खिलाफ ड्राइवरों में नाराजगी देखने को मिल रही है। जिले के अलावा प्रदेशभर में यह हड़ताल एक साथ शुरू हुई है। बाकी राज्यों में भी यही हालात है। एक साथ देश के तमाम हिस्सों में शुरू हुए इस प्रदर्शन का असर भी देखने को मिला है।





### स्कूल बसें थमी, होगी ऑनलाइन पढ़ाई

आंदोलन का असर स्कूल बसों पर भी दिखाई दिया। कुछ निजी स्कूलों की बसों को आंदोलनकारियों ने रोका। जिसके कारण बच्चों को काफी परेशानियां भी हुई। इस बीच कुछ निजी स्कूलों ने कल से स्कूल बंद कर ऑनलाइन पढ़ाई का भी ऐलान कर दिया है। बोरी स्थित नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल ने आज पालकों को इसकी सूचना भी भेज दी है।

### सौंपा ज्ञापन, प्रावधान बदलने की मांग

इस प्रदर्शन में शामिल ड्राइवरों ने स्थानीय जिला प्रशासन को भी एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें यह कहा गया है कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए हिट एंड रन केस में 10 साल की सजा और सात लाख रुपए जुर्माना का प्रावधान वापस लिया जाए। राष्ट्रीय चालक आयोग का गठन किया जाए, राष्ट्रीय चालक वेलफेयर बोर्ड का गठन कर ड्राइवरों को पेंशन दिया जाए। इसके साथ ही सरकार द्वारा साल में एक दिन ड्राईवर दिवस मनाया जाए।

### क्या हुआ है बदलाव

मिली जानकारी के अनुसार हिट एंड रन के केस में पहले संबंधित ड्राइवरों को बेल मिल जाती थी, लेकिन अब नियमों में बदलाव पश्चात ड्राईवर के खिलाफ 7 लाख का जुर्माना और दस साल की सजा का प्रावधान तय किया गया है। इसी नियम के अनुसार देशभर में ड्राईवर लामबंद हो गए हैं और 1 से 3 जनवरी के मध्य हड़ताल कर अपना विरोध प्रदर्शन जता रहे हैं।

### दिनभर पसरा रहा सन्नाटा

जिला मुख्यालय से लेकर सभी ब्लॉकों के बस स्टैंड में सोमवार को सन्नाटा पसरा रहा। इसके अलावा इन रूट पर चलने वाले ट्रांसपोर्ट वाहन भी नहीं दिखे। ड्राइवरों की इस हड़ताल से रोजाना जिले के अलग-अलग रूट में चलने वाली करीबन चार सौ बस के पहिये थमे रहे। वहीं ट्रांसपोर्टिंग में लगे रहने वाले एक हजार वाहन भी सड़कों से दूर रहे। बस नहीं चलने से जिलेभर में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

### नेशनल हाईवे में पांच घंटे चक्काजाम

ट्रक मालिकों और चालकों ने इस कानून के विरोध में आज सुबह चिचोला में करीब पांच घंटे तक चक्काजाम कर दिया। आंदोलनकारियों का कहना था कि केंद्र सरकार से इस कानून को रद्द करने की लगातार मांग की जा रही थी, लेकिन जब कोई सुनवाई नहीं हुई तो अब उन्होंने सड़क की लड़ाई का ऐलान कर दिया है। पांच घंटे चक्काजाम के कारण वाहनो की कतार लग गयी थी। नए साल में चार पहिया वाहन से यात्रा कर रहे लोगों को अच्छी खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ गया।

## डीजल-पेट्रोल की सप्लाई अटकी, स्टॉक का संकट पंपों में दिखी लंबी कतारें



**राजनांदगांव।** एक बार फिर से पेट्रोल-डीजल की सप्लाई चैन प्रभावित हो गई है। राजनांदगांव तक आने वाले टैंकरों के समय पर नहीं आने से शहर के कई पंप ड्राय हो गए हैं। अचानक बनी इस स्थिति से लोगों में भी हड़कंप मच गया है। पंपों में पेट्रोल-डीजल की कमी की खबरें पता चलते ही लोग पंपों की तरफ टूट पड़े। शहर में जिस पंप पर पेट्रोल-डीजल मिला, वहां लोगों की लंबी कतारें देखने को मिली। हालांकि जल्द ही इस स्थिति के सामान्य होने की बातें कही जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार इस स्थिति के पीछे केंद्र सरकार द्वारा लाए गए एक कानून का विरोध है। बताया गया कि केंद्र सरकार ने मोटर व्हीकल एक्ट में कुछ बदलाव किए हैं। जिसको लेकर ही अब विरोध शुरू हो गया है। इसी के चलते पेट्रोल-डीजल की सप्लाई प्रभावित हो गई है। उल्लेखनीय है कि यह स्थिति पिछले एक साल में कई दफा बन चुकी है। हालांकि हर दफा कारण अलग-अलग रहे हैं।

### नहीं दिया अधिक पेट्रोल

शहर के कुछ पंप में ही पेट्रोल-डीजल उपलब्ध थे। ऐसे में लोगों को इसकी जानकारी मिलते ही वे वहां टूट पड़े। हालांकि इन पेट्रोल पंपों में भी लोगों को टैंक फुल कराने के बजाय सीमित पेट्रोल ही दिया गया। इसको लेकर कुछ विवाद की स्थिति भी बनी, लेकिन सभी को पेट्रोल उपलब्ध कराने की मंशा से उठाए गए इस कदम का सभी को फायदा भी मिला।

## उसना की मिलिंग शुरू, पांच जिलों के मिलर करेंगे उठाव



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

धान खरीदी के दो महीने बाद भी सुस्त परिवहन से बनी इस स्थिति से निपटने की अब तेज कवायद शुरू कर दी गई है। नए साल के साथ ही एफसीआई गोदामों के गेट खुल गए हैं। उसना चावल की मिलिंग भी शुरू हो गई है। स्थानीय मिलर के अलावा दूसरे जिलों के मिलर भी अब उठाव के लिए आने लगे हैं।

पिछले कुछ सप्ताह में हुए उठाव की गति और आंकड़ों को देखा जाए तो संभावना के मुताबिक अगले एक सप्ताह में ही अविभाजित जिले के उपार्जन केंद्रों से 10 से 12 लाख क्विंटल धान उठ जाएगा। हालांकि इस दौश्रान खरीदी भी तेज होगी, ज्ञात हो उठाव की रफ्तार से नाराज होकर ही दो दफा अविभाजित जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया प्रभावित हो चुकी है। पहले एक दिन के लिए और फिर हालही में मोहला-मानपुर जिले के 27 उपार्जन केंद्रों में पूरे सप्ताह खरीदी बंद रही। इस स्थिति के कारण किसानों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। धान बेचने के लिए शेष दिनों में कटौती हुई।

### एक लाख किसान बचे

धान खरीदी की प्रक्रिया शुरू हुए दो महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब भी अविभाजित नांदगांव जिले में 40 फीसदी से अधिक किसान धान बेचने के लिए शेष हैं। आंकड़ों पर नजर डालें तो अविभाजित जिले में इस बार कुल 239442 किसानों ने अपना पंजीयन कराया था। जिसमें से अब तक 143372 किसानों ने अपना धान बेच लिया है।अब भी करीबन 90 हजार किसान अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं।

**तेज होगा उठाव :** मिली जानकारी के अनुसार अविभाजित राजनांदगांव जिले में उठाव का जिम्मा स्थानीय राईस मिलर के साथ ही पांच जिलों को दिया गया है। इनमें रायपुर, धमतरी, कोरबा और जांजगीर-चांपा के मिलर शामिल हैं। हालांकि अधिकांश उठाव स्थानीय मिलर्स द्वारा किया जा रहा है। बाहरी मिलरों को करीबन दस लाख क्विंटल उठाव का डीओ अब तक जारी हो चुका है।

बरडिया ज्वेलर्स प्रा.लि.
राजनांदगाव
☎07744-407161
विशिष्ट
हीरा आभूषण
पार्किंग सुविधा उपलब्ध है

### माए एंगल




### नए साल का जश्न

## देर रात फूटे पटाखे, सुबह पार्कों में पिकनिक का मजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नववर्ष 2024 के स्वागत में जहां बीती रात से आतिशबाजी और केक काटने का क्रम लोगों के बीच जारी रहा। वहीं दूसरी ओर आज सुबह से बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति मंदिरों और पार्कों में रही। दिनभर लोग अपने परिचितों और रिश्तेदारों को नववर्ष की शुभकामनाएं व बधाई देने व्यस्त रहे। नववर्ष के प्रथम दिन आज जिले के पर्यटक स्थलों सहित शहर के गार्डन में भी सुबह से देर शाम तक लोगों की उपस्थिति रही। लोग सपरिवार पर्यटक स्थलों में पिकनिक मनाने के लिए व्यस्त रहे। मनगटा, मोंगरा जलाशय, मटियामोती जलाशय, बागनदी जलाशय के अलावा शहर के मोहारा क्षेत्र शिवनाथ नदी के किनारे बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। कई लोगों ने यहीं भोजन पकाया तो कई घर से ही भोजन बनाकर पिकनिक स्थल ले गए थे, जहां पिकनिक मनाकर भोजन का आनंद भी उठाया।

### नववर्ष के स्वागत में छोटे-बड़े आयोजन

इधर शहर के चौपाटी, पुष्पवाटिका, त्रिवेणी परिसर, उर्जा पार्क में भी दिनभर लोगों की उपस्थिति रही। बच्चों से लेकर सभी वर्ग के लोगों ने नववर्ष पर स्वस्थ्य मनोरंजन कर नववर्ष का स्वागत किया। ज्ञात हो कि 31 दिसंबर की रात होटलों, रिसोर्ट, ढाबा सहित अन्य स्थलों में नववर्ष मनाने देर रात तक लोगों की उपस्थिति रही। वहीं शहर के चौक-चौराहों से लेकर मोहल्लों में भी छोट-बड़े कार्यक्रमों का आयोजन जारी रहा। लोगों ने नववर्ष प्रारंभ होते ही अपने रिश्तेदारों, परिचितों को नववर्ष की बधाई संदेश देने व्यस्त रहे।

## वार्डों में 3 से सामाजिक सुरक्षा पेंशन

**राजनांदगांव।** नगर के सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों की सुविधा को ध्यान में रखते नगर निगम द्वारा प्रतिमाह पेंशन का भुगतान वार्डों में शिविर लगाकर किया जाता है। इसी कड़ी में हितग्राहियों को माह नवंबर का पेंशन भुगतान के लिए वार्डों में 21 से 17 तक सुबह 11.30 बजे से दोपहर 4 बजे तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आगामी 3 जनवरी को वार्ड नं. 18 व 19 के लिए आनंद विहार कालोनी के सामुदायिक भवन गली नं. 5, वार्ड नं. 23 के लिए पार्षद कार्यालय स्टेडियम रोड, वार्ड नं. 44 व 45 के लिए आंगनबाड़ी भवन सतनामी पारा कौरिनभाठा, 4 जनवरी को वार्ड नं. 47 के लिए पार्षद कार्यालय मोहारा एवं 5 को वार्ड नं. 49 के लिए पार्षद कार्यालय मोहड़ में शिविर का आयोजन किया गया है। शेष वार्डों के लिए शिविर का आयोजन किया जाएगा। आयुक्त श्री गुप्ता ने पेंशनधारियों से वार्डों में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर पेंशन का लाभ लेने की अपील की है।

## अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**घुमका।** ग्राम मुड़पार में नए वर्ष के प्रथम दिन दो व्यक्तियों का अलग-अलग घटनाओं में मौत हो जाने के कारण पूरा गांव गमगीन हो गया। ग्राम मुडपार में दो लोगों की अंतिम यात्रा निकाली गई। पूर्व सरपंच देवशरण साहू व ओमकार साहू ने बताया कि शनिवार को शाम 7 बजे खैरझिटी में जैतखाम के पास गांव का मंगल सिंह ठाकुर अपनी मोटर साइकिल में सवार होकर जा रहा था, जो माजदा वाहन से जा टकराया। घटना में मंगल सिंह गंभीर रूप से घायल था, जिसे पेंड्री हॉस्पिटल में भर्ती किया गया था। जिसका इलाज के दौरान 31 दिसंबर को मृत्यु हो गई। एक अन्य घटना के संबंध में हेमलाल सेन ने बताया कि नए वर्ष में ही पूर्व सरपंच देवशरण साहू का चचेरा भाई रामसिंह साहू सुबह अपने चना खेत से घर लौट रहे थे। घर आते-आते रास्ते में ही हृदयघात से मौत हो गई। ग्राम मुड़पार में नए वर्ष में दो-दो लोगों का अंतिम यात्रा निकाली गई। दोनों ही मृतकों को करेला नाला के पाट में अंतिम संस्कार किया गया, जहां पर ग्रामीण, साहू समाज व आदिवासी समाज के लोग शामिल हुए। शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी गई।

### मुक्तिधाम पहुंच मार्ग कठिन

ग्रामीणों ने बताया कि यहां मुक्तिधाम के लिए 50 डिसमिल जमीन सुरक्षित है, किन्तु यह जमीन चारों ओर से लगानी भूमि से घिरा हुआ है, इसलिए मुक्तिधाम तक पहुंचना मुश्किल होता है। करेला नाला के पाट में ही अंतिम संस्कार किया जाता है। गांव के परमानंद ठाकुर, डिलेश्वर कतलाम, मोहन साहू, केतु ठाकुर, लेखराम साहू, कुलंजन पटेल ने यह भी बताया कि सभी गांवों के मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार करने शासन की योजना के तहत शेड बनाया गया है, किन्तु मुड़पार के मुक्तिधाम की जमीन पर अंतिम संस्कार के लिए शेड की व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों ने मुक्तिधाम तक पहुंच मार्ग के लिए धरसा की व्यवस्था किए जाने की मांग की है एवं अंतिम संस्कार का शेड निर्माण भी शीघ्र ही किए जाने की मांग की है।

### 19 जनवरी को अयोध्या में यात्रा का समापन

## सत्रह दिन पहले लंका से निकली श्रीराम की चरण पादुका संस्कारधानी पहुंची, आज शहर भ्रमण पर निकेलगी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में होने जा रहे राममंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा से पहले श्रीलंका से आए श्रीराम के चरण पादुका का आज शहर भ्रमण होने वाला है। यह चरण पादुका 17 दिन पहले श्रीलंका से 15 दिसंबर को निकली थी, जो विभिन्न शहरों से होते हुए राजनांदगांव तक पहुंची है। यहां से यह पादुका आगे बढ़ जाएगी और आगामी 19 जनवरी को अयोध्या में इस यात्रा का समापन होने वाला है।

आज शहर में निकलने वाली यह चरण पादुका यात्रा शहर के अलग-अलग हिस्सों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के बारे में मिली जानकारी के अनुसार 44 दिन में 10 हजार किलोमीटर के मार्ग में 8 राज्य, कई नगरों व गांवों में विभिन्न कार्यक्रम होंगे। जिसमें उस स्थान के वीडियो बनाकर दिखाना, पूजा-पाठ, भजन, प्रवचन, सत्संग से संदेश दिया जाएगा। इस एतहासिक यात्रा का नेतृत्व प्रदोष सुरेश चह्वाण के कर रहे हैं। यात्रा का मार्गदर्शन रामायण सर्किट के अध्यक्ष डॉ. रामअवतार शर्मा कर रहे हैं, जो इस मार्ग पर पूर्व में ही 18 बार यात्रा कर चुके हैं। रामराज्य युवा यात्रा 15 दिसंबर से श्रीलंका से निकल चुकी है। यह यात्रा 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। यह यात्रा 8 राज्यों से होकर गुजरेगी।



### पाताल भैरवी मंदिर में स्वागत

श्रीलंका से निकली श्रीराम जी की चरण पादुका एक दिन पहले ही सोमवार को शहर पहुंच गई थी। शहर आगमन पर मां पाताल भैरवी मंदिर समिति द्वारा इसका स्वागत एवं पूजन किया गया। ज्ञात हो कि राजनांदगांव में सनातन धर्म परिवार, शनिदेव मंदिर, शनिधाम मंदिर, बागेश्वरधाम मंदिर सहित सनातन धर्मप्रेमी संस्थाओं द्वारा शोभायात्रा निकाली जा रही है।

### आज इस रूट से गुजरेगी यात्रा

मिली जानकारी अनुसार आज यह यात्रा की शुरूआत बागेश्वरधाम मंदिर से होगी। जिसके बाद यह यात्रा कालीमाई मंदिर से होते हुए रामाधीन मार्ग, तिरंगा चौक, भारत माता चौक, सिनेमा लाइन, मानव मंदिर चौक, हनुमान मंदिर, जयस्तंभ चौक से होते हुए महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर पहुंचेगी। यहीं इस यात्रा का समापन भी होगा। इसके बाद यह चरण पादुका अगले शहर के लिए निकल जाएगी।

## खबर संक्षेप

### बोदेला मंडई आज

**तुमडीबोड।** समीपस्थ ग्राम बोदेला में कल दो जनवरी को मंडई का आयोजन किया गया है। रात्रि में झन भूलो मां-बाप ला धमतरी वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। ग्राम प्रमुख हिरामन साहू एवं दुष्यंत वर्मा ने क्षेत्र के आम जनों से उपस्थिति की अपील की है।

### व्यक्तित्व निर्माण शिविर का आयोजन



**अंबागढ़ चौकी।** मां गायत्री विद्या शक्तिपीठ मंदिर में जिला स्तरीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में किया गया। गत दिनों दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष विद्या रमेश ताम्रकार एवं नपं उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम ने किया। उन्होंने मां गायत्री को अराध्य बताते हुए बच्चों से अनुशासन एवं नित रोज अपने क्रियाकलापों सुचारू रूप से करने कहा।

### थैलीटोला मंडई आज

**बांधाबाजार।** ग्राम थैलीटोला में कल 2 जनवरी को मंडई मेला का आयोजन रखा गया है। रात्रि में नीचेकोहडा वालों का छत्तीसगढ़ी कार्यक्रम होगा। आयोजकों ने अंचल के लोगों से शामिल होने का आग्रह किया है।यह जानकारी मोतीलाल पडौती ने दी।

### आदर्श जीवन की कला सिखाती है रामायण



**डोंगरगढ़।** सेंदरी में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन में मुख्य अतिथि नवीन अग्रवाल थे। इस मौके पर उन्होंने कि रामायण बताती है कि कुछ गुणों को अपनाकर और कुछ खास बातों का ध्यान में रखकर मर्यादा एवं अनुशासन वाला जीवन जीना चाहिए। इससे बुराई पर अच्छाई की जीत होती है। रामायण एक राजपरिवार और राजवंश की कहानी है जो पति-पत्नी, भाई और परिवार के अन्य सदस्यों के आपसी रिश्तों के आदर्श पेश करती है।

### यात्री वाहनों के भी पहिये थमे, लोग हुए हलाकान

# हिट एंड रन कानून के विरोध में वाहन ड्राइवर रहे हड़ताल पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख तक जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान किया गया है जिसे लेकर ड्राइवर हड़ताल पर चले गए है। हड़ताल का व्यापक असर गंडई में देखने मिला। सुबह से ही बस स्टैंड पर सन्नाटा पसर गया था। सभी यात्री बस के पहिये थम गए थे जिससे मुसाफिर परेशान और भटकते नजर आए।

कुछ गाड़ियां सड़क पर दौड़ती जरूर दिखाई दी। स्थानीय ड्राइवरों ने बताया कि कोई भी दुर्घटना करने के पक्ष में नही रहते है। दुर्घटना अप्रत्याशित रूप से घट जाती है। घटना के बाद प्रभावित को बचाने, इलाज कराने के लिए जब ड्राइवर रुकता है तब भीड़ उस पर हमला कर देती है जिसके कारण ड्राइवर अधिकांश मामलों पर हिट एंड रह ही करता है। यदि कानून को सख्त किया जाता है तो मामूली तनख्वाह पर जोखिम उठाना संभव नहीं होगा और सभी की परेशानी बढ़ जाएगी।

ड्राइवरों मामूली तनख्वाह से 10 लाख का जुर्माना अदा नहीं कर सकते। वहीं 7 साल जेल होने से पूरा परिवार बिखर जाएगा।

### शर्मनाक है मोटर यान कानूनः छन्नी

**छुरिया।** पूर्व विधायक छन्नी साहू ने ट्रक ड्राइवरों के लिए बनाए गए मोटर वाहन अधिनियम का विरोध करते हुए कहा कि इस कानून में 10 लाख



जुर्माना और 10 साल की सजा का प्रावधान किया गया है जो शर्मनाक है। इस कानून के लागू होने से गरीब ड्राइवर बेमौत मारे जाएंगे। उन्होंने केन्द्र सरकार की नियत पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि बड़े कारखाना और फैक्ट्रियों में होने वाली घटना से मौत होने पर क्या सरकार मालिकों के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई करेगी।

श्रीमती साहू ने कहा ट्रक बस के चालक बमुश्किल अपने परिवार का पालन पोषण करते है ऐसे हालात में एक्सीडेंट होने पर उनसे 10 लाख अर्थदंड एवं 10 साल का सजा का प्रावधान वाला कानून लाना शर्मनाक है। उन्होंने इस कानून पर पुनर्विचार कर वापस लेने की मांग की है।

# तीन जगहों में ताला तोड़कर चोरी का प्रयास

### दुकान से ले गए गल्ला, शिशु मंदिर में खोजा पैसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पटेवा

ग्राम में इन दिनों चोरी की घटनाएं लगातार हो रही है। गत 30 एवं 31 दिसंबर की दरम्यानी रात को तीन स्थानों का ताला तोड़ कर चोरी को अंजाम दिया गया। ग्राम के जगन्नाथ साहू की दुकान का ताला तोड़ कर गल्ला उठाकर ले गए। विरेन्द्र साहू के घर का ताला तोड़ कर मोटर साइकिल चोरी करने का प्रयास किया गया, किन्तु मोटर साइकिल के चालू नहीं होने पर कुछ दूर ले जाकर छोड़ दिया गया। सरस्वती शिशु मंदिर पटेवा का भी ताला को तोड़ कर पैसा खोजने का प्रयास किया गया। चोरों ने दराज एवं अलमारी की खोजबीन कर सामान बिखेर दिया था।

शिशु मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज में चोरों की हरकतें कैद हो गई। फुटेज में चोर रात्रि 2.39 बजे प्रवेश करता दिख रहा है । फुटेज के अनुसार घटना को दो लोग शामिल है जिनकी उम्र लगभग 22-23 वर्ष है। आजाद चौक के सीसीटीवी कैमरा में चोर 3.20 बजे जाते हुए दिखाई दे रहा हैं।



**पहले भी हो चुकी चोरी**

चोरी की घटना की जानकारी घुमका थाना को दी गई है। घुमका पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दिया है। ग्राम के सरस्वती शिशु मंदिर में 15 माह पहले भी चोरी की घटना हो चुकी है। पुलिस अब तक आरोपियों का पता लगाने में असफल रही है।


# जयंती समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



विकासखंड स्तरीय गुरु घासीदास बाबा जयंती समारोह का समापन सतनाम भवन केदार बाड़ी में किया गया। इस मौके पर नाथू नवागांव के पंथी दल ने बाबा के संदेश को जन जन तक पहुंचाया। इस मौके पर जुलूस निकाला गया जो सतनाम भवन से शुरू होकर केदार बाड़ी, बस स्टैंड, गोल बाजार ,बुधवारीपारा, रेलवे चौक से वापस सतनाम भवन पहुंचा। मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। अध्यक्षता पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने किया। विशेष अतिथि के रूप में सूर्यकुमार खिलाड़ी, शिशुपाल भारती, पंकज बांधव, गोविंद टंडन, सीएल टंडन, पंचराम चंदेल, दिनेतू जांगड़े, पीआर देशलहरा, मनहरण लहरे, ईश्वरी बंजारे, जितेंद्र गेंडरे, भगत बंजारे, परसराम राय, पीआर चांदने, गोकर्ण कोसले, कुंवरदास खरे, नंदू खरे मौजूद थे।





# देवी की भक्ति के साथ नए साल का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नए साल के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने जगजननी मा बम्लेश्वरी की पूजा अर्चना किया। 31 दिसंबर की शाम से ही दर्शनार्थियों का यहां पहुंचना शुरू हो गया था। मां बम्लेश्वरी देवी मंदिर के अलावा चंद्रगिरि जैन तीर्थ, प्रज्ञागिरि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए दोनो मंदिर में देर रात सजावट किया गया। सुबह मंदिरों में माता का विशेष अभिषेक और आरती किया गया जिसमें लोग शामिल हुए। एक जनवरी को देवी दर्शन के लिए आसपास क्षेत्र के साथ मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों के दर्शनार्थी पहुंचे थे। 31 दिसंबर की रात 12 बजे से सुबह 7 बजे तक लगभग 50 हजार दर्शनार्थी पहुंच चुके थे। शाम तक करीब एक लाख से अधिक के पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है।

**लंबे इंतजार के बाद दर्शन**

दर्शनार्थियों के उमड़ने से रोपे वे में खासी भीड़ देखने मिली। प्रातः 7 बजे से लाइन में लगकर टिकट कटाने वाले दर्शनार्थियों को करीब 3 घंटे इंतजार करने के बाद माता के दरबार में पहुंचने का मौका मिला। आम दर्शनार्थियों के अलावा कई राजनीतिक दल के नेताओं ने भी मां बम्लेश्वरी के दरबार में उपस्थिति दर्ज कराकर पूजा अर्चना किया।

# सुविधा देने पहुंच रही सरकार लोगों के द्वार

### शिविर में दी योजनाओं की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ग्राम पंचायत रंगीटोला एवं पाटेकोहरा में केंद्र एवं राज्य सरकार के योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि सांसद संतोष पाण्डेय थे। अध्यक्षता चंद्रिका प्रसाद डडसेना ने किया। इस मौके पर प्रदेश पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष भरत वर्मा ने कहा कि यह मोदी की गारंटी है कि जो कहा वह कर दिखाया है। दो साल का बकाया बोनस का 25 दिसंबर को भुगतान कर दिया गया है। इस मौके पर एसडीएम श्री पुशाम, श्री डडसेना, किरण वैष्णव, अजय पटेल ने ग्रामीणों को संबोधित किया।


इस अवसर पर तहसीलदार सिद्धिकी, सीईओ एसके ओझा, बीएमओ उमेश भगत, रविंद्र वैष्णव, सुरेंदर सिंह भाटिया, संजय सिन्हा, राधेश्याम शर्मा, जगजीत सिंह भाटिया, धन्ना यादव, मनीष त्रिपाठी, कांता साहू, कांति लाल, किरण साहू, नैनसिंग पटेल, भुखन धनकर, पलनी स्वामी नायडू, खिलेंद्र साहू, अतीश सिन्हा, खेदू राम, सोहन कुंजाम, पदम साहू, शिवा मिश्रा, श्याम सुंदर साहू, राजकुमार सिन्हा सहित अन्य मौजूद थे।

राजनांदगांव में किराये से देना है

गंज लाईन मेन रोड़ सेन्ट्रल बैंक बिल्डिंग में बेसमेन्ट एरिया 4500 वर्गफुट एवं फस्ट फ्लोर में 4500 वर्गफुट (30x150) के 2 बड़े हॉल जिसमें मेन रोड़ में सेन्ट्रल बैंक, पीछे कमल टॉकिज चौक, पारख सेल्स की दुकान है, एक या दो हिस्सों में 2250, 2250 वर्गफुट व्यवसायिक उपयोग, प्योरवेज रेस्टोरेन्ट के लिये किराये से देना है।

राजनांदगांव में फ्लैट बेचना है
339 LIG कॉम्प्लेक्स दिनदयाल कॉलोनी कौरिनभाठा हाऊसिंग बोर्ड वैशाली नगर राजनांदगांव
सम्पर्क सूत्र : 9425560092


OPERA CONSTRUCTION
2BHK | 3BHK | 4BHK
BOOKING OPEN
at Abhinandan Galaxy
Anupam Nagar, Jeevan Colony, G. R. Nagar, Near Riddhi Siddhi Colony
97700 22644, 70003 13786
Address : Plot Number A1 Jeevan Colony Urban Mix Flat ke Samne Muktagiri Chowk



### प्रवचन में उमड़े श्रद्धालु

# दुनिया में सभी दुखी इसलिए संतोषी बनें : विद्यासागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



संत शिरोमणि 108 आचार्य विद्यासागर महाराज ने सोमवार को अपने प्रवचन में कहा कि विभिन्न व्यक्तियों द्वारा श्रीफल चढ़ाया गया। संख्स्स ज्यादा है इसलिए सबको श्रीफल चढ़ााने का मौका नहीं मिल पाया। सभी को हाथ जोड़कर श्रीफल चढाने का सौभाग्य मिलता तो अच्छा होता। हम लोग विभिन्न परंपरा चालू कर देते हैं लेकिन सवाल यह है कि उसका अंत कैसे होगा? शास्त्र भेंट नहीं होता, शास्त्र दान होता है।

लोग अभी भेंट और दान में अंतर नहीं समझते। जिन्होंने कुछ नहीं चढ़ाया और हाथ को ही श्रीफल बना लिया और जिसकी पूजा चल रही है उसमे अपने भाव को समर्पित कर दिया। ध्यान करने से पूर्व में कई प्रकार की मुद्रा हो सकती है। एक बार एक मुद्रा की किताब पढ़ रहा था उसमे एक मुद्रा थी जिसे शांति मुद्रा कहते हैं। मन में शांति, देह में शांति और प्रत्येक जीव को शांति प्राप्त हो यह भावना रखी जाती है। हाथ जोड़ने का अर्थ केवल भगवान के सामने जोड़ रहे ऐसा नहीं।

यह मुद्रा सबकी शांति के लिए होती है । परिस्तिथियाँ बदलती रहती है कभी गर्मी, कभी सर्दी, कभी वर्षा, कभी अकाल आता है। ऐसी परिस्तिथियों में विषमता, समता दोनों पलती है। अब इनसे हम कैसे बचे सवाल ही नहीं होता ? श्वास लेने से प्राण वायु आ जाती है। वायु एक स्थान से दूसरे स्थान आती जाती है। जहाँ खाली होता है वहाँ वायु चली जाती है। पाठ, स्तुति पढ़ते हैं उसमे श्रमणों के मुख से भी यही बात निकलती है कि घबराओ नहीं स्थिति को हम संभाल सकते हैं। परिस्थिति को व्यवस्थित कर सकते हैं।

**विपरीत परिस्थिति में डरे नहीं**

उन्होंने कहा विद्या उसी को प्राप्त होती है जो एकाग्र होता है। जो अनेक परिस्थितियों से झुलता है उसे विद्या प्राप्त नहीं होती है। एक स्तर पर आ जाओ तो विद्या जिसे प्राप्त है तो बैठे बैठे वह गर्मी में भी शीतलता और ठंठ में भी गर्मी का अहसास करता है । विपरितता में भी शांत रहता है। मंत्र का पाठ करने से कर्मो की निर्जरा होती है जिसे मंत्र में विश्वास होता है वह शांति और साहस के साथ इसका जाप करता है। बड़ी बड़ी साधना करने वाले भी इसकी ओर जाते हैं। उस ओंकार के लिये जो पंच परमेष्ठी का प्रतीक है "ओंकाराय नमो नमः। यह पंच परमेष्ठी का शार्ट फॉर्म है ओंकाराय नमो नमः। इतनी साधना करने वाले योगी लोग भी भगवान के शरण, चरण में उस पाठ का अर्थ, रहस्य सब कुछ प्राप्त करते रहते है। ।अच्छे सूर, वीर, धीर, गंभीर भी सब नतमस्तक होने लग जाते हैं। छोटा बालक भी भगवान के सामने घुटने टेक देता है तो उसके कर्मो की निर्जरा हो जाती है। भगवान को साक्षी बनाकर आप पूजन का मंगल अष्ट द्रव्य को समर्पित करते हैं देव और गुरु के सामने जल भी आप चढाते हैं तो जो स्थान जलनशील है उसे भी वह मिटाने की क्षमता रखता है। जल भाव से भरा और कलश जल से भरा है। संसार में कोई तन से दुखी तो कोई मन से दुखी है। जिसके पास धन है वह उतना ज्यादा दुखी है और जिसके पास धन कम है वह भी दुखी है इसलिए समता भाव रखते हुए संतोषी बनना चाहिए।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

**न्यायालय तहसीलदार, छुईखदान**
**जिला- खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

कमांक /10020/प्रस्तु./तह. /2023
छुईखदान, दिनांक 27/12/2023
साकिन-छुईखदान, प०ह०नं० 14

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अध्यक्ष विश्वकर्मा समाज छुईखदान तहसील छुईखदान द्वारा ग्राम छुईखदान स्थित भूमि ख.नं. 3/1 रकबा 0.05 एकड़ भूमि को विश्वकर्मा समाज को आबंटित किये जाने हेतु कलेक्टर महोदय खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के समक्ष प्रस्तुत आवेदन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गण्डई-छुईखदान के माध्यम से इस कार्यालय को पत्र प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 12/01/2024 को या पूर्व इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के माध्यम से अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं, तिथि समाप्त पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 27/12/2023 को द्वारा जारी किया गया।

मुहर 27/12/2023

तहसीलदार
छुईखदान (छ.ग.)

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोनः 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरेकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर: 9406004581
बिलासपुर: 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नसों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नसों में दबाव, शुन्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर
बैठकर उठने पर दर्द, एड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### दो कार्रवाई में 6 जुआरी पकड़ाए

**गंडई पंडरिया।** ग्राम लिमो में दो जगहों पर हार जीत का दाव लगाते हुए जुआ खेलने की जानकारी मिलने पर गंडई पुलिस ने रेड कार्यवाही किया। पुलिस ने खेमू पटेल पिता रामाधार पटेल उम्र 18 साल, राहूल रजक पिता स्व केदार रजक उम्र 20 साल, मूलचंद पटेल पिता रामकिशन पटेल उम्र 20 साल को घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपियों के पास से 52 पत्ती ताश एवं 1010 रूपए जप्त कर छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम 2022 के तहत अपराध दर्ज किया गया। इसी प्रकार पुलिस ने आरोपी तुलसी नेताम पिता कृष्णा नेताम, पूरन ध्रुर्वे पिता जयसिंह ध्रुर्वे, नरेन्द्र निर्मलकर पिता कुसुमलाल निर्मलकर निवासी लिमो को भी घेराबंदी कर पकडा। पुलिस ने आरोपियों के पास से 52 पत्ती ताश एवं 990 रूपए जप्त किया गया।

### विकसित भारत 2047 वाइस ऑफ यूथ आयोजन



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला राजनांदगांव में विकसित भारत 2047 वाइस ऑफ यूथ से संबंधित गतिविधि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला राजनांदगांव में विकसित भारत 2047 वाइस ऑफ यूथ कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली, पोस्टर, निबंध, स्लोगन, व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जो प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। जिसमें महाविद्यालय के शिक्षकगण एवं बीएड व डीएलएड के प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

### साइंस कॉलेज में अतिथि व्याख्यान आयोजित



**राजनांदगांव।** शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव में 29 दिसंबर को प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल के मार्गदर्शन में प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा ''सेल साइकिल, सेल सिगनेंलिग व सेल कल्चर'' विषय पर डॉ. चिरंजीव पांडे का अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। डॉ. चिरंजीव पांडे ने कहा कि समसूत्री विभाजन प्रायः दैहिक कोशिकाओं में होता है। जिसके फलस्वरूप कोशिकाएं अपनी संख्या में वृद्धि करती है। कोशिका चक्र एक कोशिका विभाजन के अंत से प्रारंभ होकर दूसरे कोशिका विभाजन के अंत तक होता है। इनके समय में अधिक विभिन्नता पाई जाती है, अधिकांश कोशिका 20 घंटे या अधिक का समय लेता है। कोशिका चक्र में दो प्रमुख प्रावस्था होती है। प्रथम वृद्धि प्रावस्था, दूसरा विभाजन प्रावस्था। उन्होंने जी-वन, एस, जी टू, एम प्रावस्था को रेखांकित किया। कोशिका में पहले केरियोकाइनेसिस व बाद में साइटोकाइनेसिस होता है। छात्रों ने प्रश्न पूछे, जिसका समाधान किया गया। इस अवसर पर डॉ. एसआर कन्नोजे, पुरूषोत्तम साहू व अधिक संख्या में बीएससी के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### निधन

### योगेश त्रिपाठी



**डोंगरगढ़।** शहर के योगेश त्रिपाठी उर्फ बबलू का बीती रात आकस्मिक निधन हो गया। वर्तमान में वह छुईखदान में वनपाल के पद पर पदस्थ थे। उनके निधन पर वन विभाग के अलावा सामाजिकजनों ने शोक व्यक्त किया है।

---

## 9 लाख से उपर बचा, 20 लाख क्विंटल से उपर का डीओ जारी

# केसीजी जिले में 13 लाख 8 हजार 94 क्विं. धान परिवहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले मे धान खरीदी के बाद परिवहन को लेकर प्रशास द्वारा चाक चौबंद परिवहन व्यवस्था के बावजूद 9 लाख 21 हजार 996 क्विंटल धान परविहन की बाट जोह रहा है।

कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में जिले के धान उपार्जन केन्द्रों में खरीदी और उठाव की सतत निगरानी विभागीय अधिकारियों और नोडल द्वारा नियमित रूप से की जा रही है जिसके चलते जिले में अभी तक 22 लाख 30 हजार 90 क्विंटल धान की खरीदी और 13 लाख 8 हजार 94 क्विंटल परिवहन हो गया है जबकि 9 लाख 21 हजार 996 क्विंटल धान उठाव के लिए उपार्जन केंद्रो में गाड़ियों का रास्ता देख रहा है।

### 22 लाख 30 हजार 90 क्विंटल की खरीदी



**खरीदी और उठाव हो रहा नियमित**

प्रदेश स्तर पर वर्चुअल और कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा विभागीय अधिकारियों को धान खरीदी केन्द्रों में उठाव की स्थिति को लेकर निगरानी कर निर्देश दिया जा रहा है। उपार्जन केन्द्र कर्मचारियों व मिलरों को समन्वय स्थापित कर किसी भी परिस्थिति में धान उठाव की स्थिति धीमी नहीं होने देने कहा है। उप पंजीयक रघुराज सिंह ने बताया कि जिले के 51 धान उपार्जन केन्द्रों में 1 जनवरी की स्थिति में 22 लाख 30 हजार 90 क्विंटल धान पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य में खरीदा गया है इसमे गंडई के मिलरों द्वारा 4 लाख 17 हजार 716 क्विंटल, दुर्ग जिले के मिलरों द्वारा 1 लाख 69 हजार 870 क्विंटल और बिलासपुर जिले के मिलरों द्वारा 3 लाख 99 हजार 810 क्विंटल, रायपुर जिले के मिलरों द्वारा 10 लाख 82 हजार 660 क्विंटल का डीओ जारी हुआ है जिसमें से केसीजी जिले के मिलरों के द्वारा 3 लाख 52 हजार 50 क्विंटल, दुर्ग जिले के मिलरों द्वारा 1 लाख 69 हजार 90 क्विंटल, बिलासपुर जिले के मिलरों द्वारा 7 हजार 704 क्विंटल और रायपुर जिले के मिलरों 7 लाख 79 हजार 250 क्विंटल धान का उठाव कर चुके है। निगरानी कार्य में जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, उप पंजीयक रघुराज सिंह, नोडल सीसीबी आलोक शर्मा, जिला विपणन अधिकारी चंद्रपाल दिवान, नान से नीलिमा ठक्कर सहित खाद्य निरीक्षकों के द्वारा सहयोग किया जा रहा है।

---

## मानसिक रूप से विक्षिप्त को किया एडमिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



अमलीडीह खुर्द में नए साल के पहले दिन मानसिक रूप से विक्षिप्त व अस्वस्थ युवक को पीएलओ गोलूदास साहू ने बिलासपुर के मनोचिकित्सालय में इलाज के लिए एडमिट कराया।

पीएलओ श्री साहू ने बताया कि विधिक जानकारी साइबर अपराध, पॉक्सो एक्ट, लोक अदालत और नालसा की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के दौरान उन्हें शहर के अमलीडीह वार्ड मे लगभग पैतालीस साल का एक मानसिक रूप से विक्षिप्त युवक मिला, जो नाम तो बता रहा था, लेकिन घर का पता बताने मे असमर्थ था। अमलीडीह खुर्द के वार्डवासियों ने बताया कि बीते कुछ दिनों से युवक भटक रहा है। गोलूदास साहू ने युवक से बातचीत की तो पता चला कि उसके माता पिता नही है और आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण भाई इलाज नही करा पा रहा जिसके चलते वो घर से निकल गया है। घर का नाम पता जानने के बाद पीएलओ ने राजू तोड़े के भाई से बात किया तो पता चला कि उसके पास अब इलाज करने के लिए कुछ भी नहीं है वह आर्थिक रूप से अक्षम हैं। जिसके बाद पीएलओ ने रेस्क्यू कर राजू तोड़े को पहले सिविल अस्पताल में बीएमओ डॉ विवेक बिसेन को दिखाया जिन्होंने उसे आगे इलाज के लिए राज्य छत्तीसगढ़ राज्य मनोरोग चिकित्सालय सेंद्री बिलासपुर रेफर किया गया। रेफरल दस्तावेज पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विवेक गर्ग ने राजू को एडमिट करने निर्देशित किया जिसके बाद राजू तोड़े को बिलासपुर में वाजिब इलाज के लिए एडमिट किया गया जिसका इलाज डॉ. दीप्ति और टीम द्वारा किया जा रहा है। इस सराहनीय कार्य में राजेश देवदास थाना प्रभारी और वार्ड पार्षद अमलीडीह खुर्द शत्रुघ्न धृतलहरे का सहयोग मिला।

## बेरिकेटिंग से सिनेमा लाइन के लोगों को असुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



सिनेमा लाइन के व्यापारी एवं निवासी सुमित अजमानी ने सिनेमा लाइन की ओर लगे बेरिकेटिंग से आपत्ति जताते बताया कि जो रास्ता मानव मंदिर चौक से सिनेमा लाइन आता है, वहां काफी समय से बेरिकेटिंग लगाकर वन-वे कर दिया गया है। जिसके कारण सिनेमा लाइन का व्यवसाय दिनब-दिन बुरी तरह से प्रभावित होता जा रहा है। बेरिकेटिंग को लगभग पूरे मार्ग में इस तरीके से लगाया जाता है कि यहां आने-जाने पर फोर व्हीलर तो पूरे तरीके से प्रतिबंधित है, परंतु इसके साथ-साथ थ्री व्हीलर यहां तक कि टू-व्हीलर को भी ठीक ढंग से सिनेमा लाइन के अंदर आने में असुविधा का सामना करना पड़ता है। हमेशा बेरिकेटिंग लगे रहने के कारण यहां का मार्ग सकरा हो जाता है। जिसके कारण सैकड़ों बार टू-व्हीलर चलाने वाले का बैलेंस बिगड़ने का हादसा लगभग रोजाना ही देखने को मिलता है। सुमित अजमानी ने कहा कि त्यौहारों में भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए बेरिकेटिंग करना उचित है, परंतु राजनांदगांव शहर में सिनेमा लाइन मार्ग इकलौता ऐसा मार्ग है। जिसमें साल के 12 महीने ही बेरिकेटिंग लगाई जाती है। जिसके कारण व्यापारियों को हमेशा ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, परंतु आने-जाने वाले आमजनों को भी मुसीबत का सामना करना पड़ता है।

---

## पुण्यतिथि पर याद किए गए मास्टर जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- निबंध-लेखन पर पुरस्कृत हुए 188 विद्यार्थी

साहित्य वाचस्पति डॉ.पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी की 52 वीं पुण्यतिथि पर विचार संगोष्ठी के साथ निबंध ले ख न प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ जीवन यदु, विशेष वक्ता संगीत विवि हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ.राजन यादव व अतिथि वक्ता के रूप में बक्शी के पौत्र श्रीमन नारायण बख्शी व कन्या महाविद्यालय की अतिथि प्राध्यापक डॉ मेधाविनी तुरे उपस्थित थे। इकरा फाउंडेशन व शांतिदूत संस्था के संयोजन में अम्बेडकर चौक कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां निबंध प्रतियोगिता में शामिल जिले के 188 छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। वहीं अतिथि वक्ताओं ने बक्शी के जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला।

### पंकज, माही व यामिनी सहित अन्य पुरस्कृत

बक्शी का हिन्दी साहित्य में योगदान विषय पर आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर वनांचल के ठाकुरटोला स्कूल के छात्र पंकज जंघेल को प्रथम, बक्शी स्कूल की छात्रा माही साहू को द्वितीय और स्वामी आत्मानंद स्कूल की छात्रा यामिनी निषाद को तृतीय स्थारन मिला। छात्रा द्रोपती निषाद, टिंकल टांडेकर, उत्कर्ष जोशी व भूमिका तिवारी को विशेष सांत्वना पुरस्कार के रूप में उपहार स्वरूप लेखन-पठन सामग्री व प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर साहित्यकार गुरु गुप्ता, शिक्षिका किरण सिंह, सविता यादव, डॉ. मकसूद, पदमा साहू पर्वणी, दावेन देशमुख, उमेंद पटेल, रवि वैष्णव, सविता वैष्णव, संस्था के वरिष्ठ समशुल होदा खान, अधिवक्ता नीरज झा, अमीन मेमन, सूरज देवांगन, मंगल सारथी, चंद्रकांत बिदानी, रवि रजक, निलेश यादव, मनोहर सेन, राजेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



### मोहरा मेला में लगा था बख्शी पर चोरी का आरोप

बक्शी के पौत्र श्रीमन नारायण बख्शी ने अपने दादा के साथ बचपन का संस्मरण सुनाते हुए बताया कि जब वे 5-6 साल के थे तब कार्तिक पूर्णिमा में लगने वाले मोहरा मेला में बक्शी पर एक महिला ने जेवर चोरी का आरोप लगाया था। खैरागढ़ से राजनांदगांव जाते हुए ठेलकाडीह के पास वो महिला अपने बेटे के साथ बस में सवार हुई थी, भीड़ के चलते सीट नहीं मिली तो बच्चा रोने लगा तब बक्शी ने उस बच्चे को गोद में बिठाकर करुणावश शाल से ढक दिया, लेकिन मेले में महिला गुस्से में उन पर बच्चे के गले का लॉकेट चुराने का आरोप लगा दिया। इस दौरान बक्शी शांत होकर महिला को समझाते रहे, अंत में बच्चे ने बताया कि उसने लॉकेट को चुभने के कारण गले से निकालकर जेब में रख लिया था। इस संस्मरण को लेकर श्रीमन नारायण ने कहा कि कई बार हमारी करुणा की परीक्षा लेने के लिए ईश्वर हमें परेशान करता है पर हमें विचलित नहीं होना चाहिए क्योंकि सत्य कभी छुप नहीं सकता। अतिथि वक्ता डॉ मेधाविनी तुरे ने बक्शी के जीवन के अनछुए पहलुओं की जानकारी देते हुए उनके साहित्य में राष्ट्रीय चेतना व वसुधैव कुटुंबकम के भाव को सामने रखा है। डॉ. मेधाविनी ने बक्शी पर शोध प्राप्त शिक्षिका डॉ.निकेता सिंह का नवीन जानकारी से ओत-प्रोत शोध वक्तव्य पढ़ा। इकरा फाउंडेशन अध्यक्ष खलील कुरैशी ने स्वागत वक्तव्य देते हुए हर साल ऐसा आयोजन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम संचालक शांतिदूत संस्था संयोजक अनुराग शांति तुरे ने कहा कि अगले साल बक्शी जी की स्मृति में मुक्तिबोध जी पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। आभार वक्तव्य जिपं सभापति विप्लव साहू ने दिया।

### बड़े साहित्यकारों के साथ जुड़ जाती है किवदंतियां : डॉ.यदु

मुख्य वक्ता डॉ जीवन यदु ने कहा कि हर बड़े साहित्यकार के साथ किवदंतियां जुड़ जाती हैं बक्शी के साथ भी ऐसा ही हुआ। डॉ.यदु ने कुछ रोचक किवदंतियों की जानकारी देते हुए इससे बचने कहा वहीं कवियत्री सुभद्रा कुमारी चौहान से उनके आत्मीय संबंधों व उनके खैरागढ़ प्रवास के संस्मरण को बताया। उन्होंने बताया कि सरस्वती पत्रिका के संपादक के रूप में बक्शी ने शुरुआती दौर में राष्ट्रकवि सुमित्रानंदन पंत व महाप्राण कवि निराला की रचनाओं को भी छापने से मना कर दिया था। विशेष वक्ता डॉ राजन यादव ने बक्शी के समूचे जीवन को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि वो शाला को मंदिर मानते थे जिसके कारण कभी शाला चप्पल जूते पहन कर नहीं आते थे। अंतिम समय में जब बक्शी का मुंबई में उपचार चल रहा था तब चिकित्सकों को भ्रम था कि विजय लाल उनके पुत्र होंगे पर बाद पता चला कि वह उनके शिष्य हैं तो गुरु के प्रति शिष्य के सेवा भाव को देखकर सभी अचंभित रह गए।

---

## लोकसभा की तैयारी में जिला भाजपा युवा मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- केन्द्र सरकार की योजनाओं को मतदाताओं तक पहुंचाएं

लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिला भाजयुमो युवा मोर्चा की बैठक हुई। भाजपा जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और महामंत्रियों की अनिवार्य उपस्थिति में आयोजित बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू, प्रदेश भाजपा युवा मोर्चा मंत्री पियूष ठाकुर, जिला महामंत्री रामाधार रजक, जिला भाजपा मंत्री शशांक ताम्रकार और मंडल महामंत्री आलोक श्रीवास ने केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ-साथ प्रदेश में डबल इंजिन की सरकार होने के कारण सतत विकास की बात मतदाताओं तक पहुंचाने कहा। इससे पूर्व जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिंह बोनी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में युवा मोर्चा की पूरी टीम ने बेहतर तरीके से काम किया, अपने-अपने कुछ बूथों पर किसी कारणवश हम पीछे रहे, लेकिन इससे निराश होने की जरूरत नहीं है। हमको देखना है की हमारी गलती, चूक कहा हुई इसको सुधार करते हुए हमे अपने अपने बूथ में गांव में और मंडल में आने वाले लोकसभा चुनाव में कैसे जीते इसके लिए काम करना है। जिस बूथ से हम पिछड़े तो क्यों पिछड़े इस पर भी गंभीरता से चिंतन करते हुए काम करना है। जिला भाजपा मंत्री शशांक ने नरेंद्र मोदी एप के बारे में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए बताया कि एंबेसडर बनाने को लेकर एक अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी से नरेंद्र मोदी एप को डाउनलोड करवाया।



### बूथ स्तर पर होंगे भाजयुमो अध्यक्ष

भाजयुमो प्रदेश मंत्री पीयूष ठाकुर ने मंडल सशक्तिकरण में हमे अपने अपने बूथ को कैसे मजबूत और करना है इसके बारे में विस्तृत जानकारी साझा करते हुए 9 दिवसीय मंडल विस्तारक की नियुक्ति कर मंडल को मजबूत करने कहा। गांव-गांव पहुंचकर केंद्र सरकार की योजना को प्रचार-प्रसार कर लाभान्वित लोगों से चर्चा जैसे अन्य विषयों पर उन्होंने मार्गदर्शन दिया। जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसमें आपको सिर्फ मेहनत करने की जरूरत है और युवा मोर्चा से आने वाले कार्यकर्ता भाजपा का भविष्य है। बूथ स्तर के कार्यकर्ता तक का ध्यान पार्टी में रखा जाता है। जिला, मंडल और बूथ तक की पूरी टीम को कैसे मजबूत करना है इस को हमको चिंता करनी है साथ ही बूथ स्तर पर मजबूती के लिए भाजयुमो से बूथ अध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर जिला भाजयुमो अध्यक्ष को निर्देश दिया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रेमसागर गुप्ता ने किया साथ ही आभार जिला महामंत्री मिनेश ने किया। इस दौरान अर्जुन क्षत्रिय, शैलेश जैन, राकेश वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष मंजीत ठाकुर, जिला मंत्री शोएब रजा, नवीन चंद्राकर, पं.शैलेंद्र मिश्रा, विक्की कुर्रे, सौरभ जंघेल, मंडल अध्यक्ष ललित चोपड़ा, अनुज साहू, रवि भावनानी, दिलेश्वर यदु, जयप्रकाश साहू, साकेत श्रीवास्तव, अनीश दादू, लेखराम साहू, दिवेश वर्मा, मुकेश वर्मा, राकेश यादव, रेखचंद जंघेल, शैलेंद्र त्रिपाठी, सतीश वर्मा, गोविंदा वर्मा, कैलाश नागरे, उमेश वर्मा, ओमकार वर्मा, प्रमोद भगत, बबलू श्रीवास, अनिमेष महोबिया, तुलाराम साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## कमला कॉलेज में ललित कला प्रतियोगिता



**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में गृहविज्ञान विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में 20 दिसंबर को ललित कला प्रतियोगिता अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे रंगोली, मेहंदी केश सज्जा, गिफ्ट पैकिंग, वेस्ट एंड बेस्ट, ग्रिटिंग कार्ड, पूजा की थाली इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की सभी संकाय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसके अंतर्गत गिफ्ट पैकिंग में प्रथम उन्नति रामटेके, वेस्ट एंड बेस्ट में प्रथम मिली कोरी, ग्रीटिंग कार्ड में प्रथम एकता तेम्बुरकर, हेयर स्टाईल में प्रथम एकता तेम्बुरकर, पूजा की थाली में प्रथम मिरल मुंदरा, मेहंदी में प्रथम पलक मेहर एवं रंगोली में प्रथम देवहूती रही। निर्णायकगण के रूप में डॉ. ओपी गुप्ता, डॉ. एचके गरचा, डॉ. जीपी रात्रे, डॉ. सुषमा तिवारी, डॉ. केके द्विवेदी, डॉ. निवेदिता ए. लाल, डॉ. बृजबाला उइके, रामकुमारी धुर्वा, डॉ. युगेश्वरी साहू, नंदनी चंद्रवंशी, डॉ. दुर्गा शर्मा, शैलजा तिवारी, करूणा वर्मा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. रेनु त्रिपाठी, डॉ. अर्चना खरे, गीता साहू, शानवी, प्रिया तलरेजा द्वारा किया गया। साथ ही महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों का सहयोग रहा।

### संजीवनी में निःशुल्क चिकित्सा शिविर 15 तक



**राजनांदगांव।** स्थानीय संजीवनी हार्ट एवं न्यूरोकेयर सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में 1 से 15 जनवरी तक निःशुल्क चि कि त सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में न्यूरोसर्जन, कार्डियोलॉजिस्ट, हड्डी रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग, स्त्री रोग आदि विशेषज्ञ रहेंगे। शिविर में रोगों के इलाज संबंधी परामर्श दिया जा रहा है। इस शिविर में मेडिकल जांच एवं मेडिसिन में छूट भी प्रदान की जा रही है। संजीवनी हास्पिटल में आयुष्मान कार्ड से भी इलाज की सुविधा के साथ हास्पिटल में अत्याधुनिक ट्रामा केयर यूनिट भी उपलब्ध है।

---

## गायत्री स्कूल के आडिटोरियम हॉल में प्रतियोगिता आयोजित

# संभाग स्तरीय खेलकूद स्पर्धा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वनवासी क्षेत्र में आदिवासी बच्चों के बीच कार्यरत एकल अभियान द्वारा अभ्युदय यूथ क्लब के माध्यम से संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को गायत्री स्कूल के ऑडिटोरियम हॉल में संपन्न हुआ।

मुख्य अतिथि महापुराण पुरोहित ने कहा कि अंग्रेजों ने भारत की गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को समाप्त कर दिया। जिसके कारण धीरे-धीरे अन्य देशों के मुकाबले भारत पिछड़ता गया। एकल अभियान द्वारा वनवासी अंचलों में गुरुकुल शिक्षा प्रणाली से बच्चों को संस्कार, शिक्षा और धर्म के साथ राष्ट्रीय मुख्य विचारधारा में जोड़ने का कार्य एकल अभियान कर रहा है। जिसके कारण देश की अनेक समस्याएं स्वमेव ही समाप्त हो जाएगी और देश पुनः विश्व गुरु बनेगा।



कार्यक्रम में एकल अभियान के प्रांत अध्यक्ष नंदकिशोर सुरजन एवं ग्राम स्वराज मंच के संयोजक कोमल सिंह राजपूत एवं युवा इकाई के अध्यक्ष पवन पटेल ने संबोधित किया। इस अवसर पर वनबंधु परिषद से महिला समिति की नीलम सिंह एवं हरिकथा योजना के मावजी भाई पटेल रायपुर उपस्थित थे। मंच पर गायत्री परिवार के सचिव गगन लड्डा, प्रेमशंकर द्विवेदी एवं शिक्षा समिति के प्रांत संयोजक रवि सिन्हा, मातृशक्ति की अध्यक्ष संध्या अग्रवाल एवं सुषमा सुरजन उपस्थित थी। खेलकूद संपन्न कराने में अनिल डागा एवं प्रसन्न नेरकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रस्तावना अभ्युदय यूथ क्लब के संयोजक निकुंज अग्रवाल ने रखी। कार्यक्रम का संचालन धनराज मंडावी एवं आभार प्रदर्शन राजा मखीजा ने किया। इस अवसर पर खिलाड़ियों को खेल भावना एवं देश के लिए खेलने प्रेरित करते कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं पूर्व डीआईजी राधेश्याम नायक ने संबोधित करते खेल का विधिवत्त शुभारंभ का आह्वान किया। तत्पश्चात ध्वजारोहण के बाद खेल शुरू हुआ।

कला कौशल का प्रदर्शन करते दंतेवाड़ा, बस्तर एवं सरगुजा, मानपुर-मोहला, बिलासपुर, कोरबा के बच्चों ने खेलकूद में अपनी प्रतिभा का परिचय देते प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

### साकेत साहित्य परिषद सुरगी सम्मानित

**राजनांदगांव।** साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिए संस्थागत सम्मान की कड़ी में साकेत साहित्य परिषद सुरगी चौथी बार सम्मानित हुए हैं। मेहत्तरराम साहू सृजन संस्थान बागबाहरा महासमुंद के तत्वावधान में 25 दिसंबर को प्रेस क्लब मोतीबाग चौक रायपुर में आयोजित मेहत्तरराम साहू स्मृति सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. बिहारीलाल साहू व अध्यक्षता डॉ. चितरंजन ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. देवधर महंत, पद्मश्री अनूपरंजन पांडे, वरिष्ठ गीतकार रामेश्वर शर्मा के हाथों साकेत के अध्यक्ष लखनलाल साहू को संस्थागत साहित्य संदेश सम्मान प्रदान किया।

इस अवसर पर कुबेर सिंह साहू, ओमप्रकाश साहू, थनवार निषाद की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. विकास अग्रवाल, सुरेन्द्र मानिकपुरी, मिनेश कुमार साहू, रामशरण साहू, हबीब खान समर, चंद्रकांत सेन एवं अन्य पदाधिकारियों, सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

**न्यायालय-श्रीमान अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)**

प्रोसेस क्रमांक 659/23, 657/23
प्रकरण क्रमांक 63/23, 64/23
आदेश दिनांक 22/12/2023
पेशी दिनांक 29/01/2024

श्रीमती धनेश्वरी ठाकुर वगैरह ......आवेदकगण
विरुद्ध
नीलकंठ साहू वगैरह ......अनावेदकगण

दादा बस सर्विस,
द्वारा-विनोद जैन,
ग्राम चौरहीपारा जुनी हटरी राजनांदगांव,
थाना, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं. 9302493023

अनावेदकगण के विरूद्ध आवेदिकागण के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष दावा प्रकरण क्रमांक 63/2023, 64/2023 श्रीमती धनेश्वरी ठाकुर वगैरह विरूद्ध नीलकंठ साहू वगैरह प्रस्तुत किया है, जिसमें आप अनावेदक क्रमांक 2 हैं। उक्त दावा प्रकरण में आवेदिकागण द्वारा क्षतिपूर्ति की राशि प्र.क्र. 64/2023 में 1,06,00,000/- रूपये तथा प्र.क्र. 63/2023 में 43,00,000/- रूपये की मांग किया गया है, जिसकी आगामी सुनवाई तिथि 29/01/2024 को प्रकरण के निराकरण के लिए नियत किया गया है।

अतः आपको सूचित किया जाता है कि श्रवण तिथि को आप स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर प्रकरण का निराकरण कर दिया जावेगा।

यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 29/01/2024 को अवकाश घोषित किया जाता है तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवायी की जावेगी।

आज दिनांक 23/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया है।

(श्रीमती सुमीता टोप्पो)
अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण,
धमतरी, जिला धमतरी (छ.ग.)

## सार समाचार



### 22 को फिर मनाएं दिवाली

**राजनांदगांव।** ग्राम डुडिया में 7 दिवसीय रामायण कथा के समापन में जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिक्षा भंडारी शामिल हुई। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म मानवों में मानवता और श्रेष्ठता का भाव पैदा करता है। भगवान श्रीराम ने सद्धर्म की रक्षा के लिए सदैव त्याग किया। त्याग का भाव ही मनुष्यों को मर्यादा पुरुषोत्तम बना देता है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम विराजित हो रहे हैं। दशकों से जिसकी प्रतिक्षा सनानत जग को थी, वह कार्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में फलीभूत हो रहा है। उन्होंने आमजनों से इस दिन प्रत्येक घर में कम से कम 11 दीप जलाकर और पटाखे फोड़कर दिवाली मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि ये ऐतिहासिक क्षण है। जिसका हम सभी को भागीदार बनने का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। इस दौरान उपरवाह सरपंच पुनीता साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### डॉ. पंडया से की सौजन्य भेंट

**राजनांदगांव।** रविवार को रायपुर एयरपोर्ट में देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रति कुलपति डॉ. चिन्मय पंड्या का आगमन हुआ। इस अवसर पर हरीश गांधी सांस्कृतिक प्रभारी गायत्री स्कूल के साथ मुख्य प्रबंध ट्रस्टी जुगल किशोर लड्ढा, रूपाली गांधी, अदिति गांधी, मुरली चौधरी, प्रभात साहू, शालिग्राम साहू, धूलेश्वर साहू, आदर्श वर्मा, छग उड़ीसा प्रभारी सुखदेव निर्मलकर, दिलीप पाणीग्रही आदि ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर श्री पंडया ने राजनांदगांव गायत्री परिवार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने नंदकिशोर सुरजन, जुगल किशोर लड्ढा के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली व उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।



### माता-पिता, गुरू और ईश के पास जाने के लिए निमंत्रण नहीं देखा जाता : शास्त्री



**राजनांदगांव।** भगवान श्री चंद्रमौलेश्वर महाकाल की शान में विकास नगर (लखोली) में डागा परिवार द्वारा आयोजित श्रीशिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का समापन गत दिनों हवन-पूजन व कथावाचक महाराज ईश्वरचंद्र व्यास के आशीर्वचन के साथ हुआ। इस दौरान महापौर हेमा सुदेश देशमुख, समाजसेवी शारदा तिवारी, साधना तिवारी, उमा भट्टड़, आयोजनकर्ता अशोक, राजेश, पवन व संजय डागा सहित बड़ी संख्या में महिलाएं-पुरूष शामिल थे। कथा वाचक शास्त्री ने कहा कि माता-पिता, गुरू व देवता के मंदिर में जाने आमंत्रण नहीं देखा जाता, क्योंकि इनके दर्शन मात्र से ही पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं पवित्र कार्य को शीघ्र ही कर लेना चाहिए, ऐसे कार्यों के लिए विलंब नहीं किया जाना चाहिए और न किसी बुलावे का इंतजार किया जाना चाहिए।

- पवित्र काम को शीघ्र कर लेना चाहिए, विलंब से बढ़ती है समस्या

महाराज ने उक्त दोनों बातें अयोध्या में श्रीराम लला प्राण- प्रतिष्ठा के संदर्भ में कही। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरूषोत्तम ही नहीं वेद पुरूष भी हैं। 500 साल तक पंडाल में रह रहे हम सबके आराध्य भगवान श्रीराम लला की काफी संघर्ष के बाद जब भव्य मंदिर लगभग तैयार हो चुकी है, तब उनकी प्राण-प्रतिष्ठा के लिए 22 जनवरी का दिन चुना जाना देश के बड़े-बड़े ज्योतिषाचार्यों द्वारा गृह-नक्षत्रों के अध्ययन कर निकाली गई दिन-तिथि के आधार पर है। यह पवित्र समय मात्र 86 सेकंड का है। उसी के लगभग समय में वैज्ञानिकों ने श्री रामलला के मस्तक पर सीधे सूर्य का प्रकाश पड़ने से समूचा विग्रह दैदिप्यमान होने की संयोजना की है। महराज ने कहा कि श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा में नियत दिन, तिथि का विलंब किए जाने से उक्त से संबंधित पवित्र मुर्हूत, योग व दिन-तिथि कई वर्षों बाद आती, इसलिए 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा का समय सर्वाधिक उपयुक्त व अनुकूल है।

इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, सूर्यकांत चितलांग्या, संतोष पटाक, अमित खंडेलवाल, राजा माखीजा, संजय तेजवानी, उत्तरा अरूण दामले, हरिश गांधी, शैलेष बुद्धदेव, जुगल लड्ढा आदि सहित बड़ी संख्या में उपस्थित नर-नारियों को संबोधित करते महाराज ने कहा कि अयोध्या स्थित श्री रामलला का मंदिर हमें हस्तगत हो गया। इसी तरह काशी का ज्ञानवापी मस्जिद व मथुरा का श्रीकृष्ण जन्म मंदिर जो आज भी दूसरों के कब्जे में है, उसे हमें लड़कर लेना होगा। श्री शिव महारापुराण कथा का समापन पंडितों के मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ-हवन के साथ हुआ। जिसमें उपस्थित नर-नारियों ने आहुति प्रदान कर पुण्य की प्राप्ति की।

#### अब भी फायदा उठाने का प्रयास

महाराज श्री व्यास ने बताया कि अयोध्या में श्रीराम लला प्राण-प्रतिष्ठा आयोजन का आमंत्रण कार्ड उन्हें मिला है। उन्होंने कहा कि यदि आमंत्रण नहीं मिला होता, तब भी हम अपने आराध्य का दर्शन करने उक्त तिथि में जाते। महाराज ने कहा कि सनातन धर्मियों में एक सबसे बड़ी कमजोरी उनका सहिष्णु होना है। अयोध्या सहित देश के हजारों मंदिरों को विधर्मी आतताई/आक्रमणकारियों ने हजारों बार ध्वंस किया, फिर भी हम सहते रहे। हमारी सहिष्णुता का फायदा उस समय भी विधार्मियों ने उठाया था और अब भी उठाने का प्रयास किया जा रहा है।

### निधन



#### प्रियंक श्रीवास्तव

**राजनांदगांव।** दिग्विजय कॉलेज रोड किल्लापारा निवासी 47 वर्षीय प्रियंक श्रीवास्तव (पिंकू) का 31 दिसंबर की रात निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को दोपहर एक बजे निवास स्थान से निकाली गई। उनका अंतिम संस्कार लखोली स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे सेवानिवृत्त प्रधान पाठक स्व. गिरीश श्रीवास्तव के ज्येष्ठ पुत्र थे। वे श्रीनिवास, प्रकाश व अजय श्रीवास्तव का भतीजा और पीयूष श्रीवास्तव का बड़ा भाई था।

## अभियान : ग्रामवासी उत्साह एवं खुशी से हुए शामिल

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का मोबाइल वैन पहुंचा ग्राम मोखला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोबाइल वैन राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला पहुंची। मोबाइल वैन के ग्राम मोखला पहुंचने पर ग्रामवासी उत्साह एवं खुशी के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर समाजसेवी रोहित चंद्राकर, सरपंच अमरीका साहू, परदेशी साहू, उप सरपंच दुर्गेश साहू, पंच रामविलास साहू, वरिष्ठ नागरिक नारायण साहू, डोमार सिंह साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

मोबाइल वैन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश का वाचन किया गया। विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी ने शपथ ली। चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गई। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए। धरती कहे पुकार के कार्यक्रम के तहत जैविक खेती को बढ़ावा दिया गया। कार्यक्रम में क्विज प्रतियोगिता एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत बच्चों के लिए सुपोषण किट एवं गोद भराई कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती माताओं को सुपोषण किट प्रदान किया गया। दिनचर्या में खानपान एवं आहार में हरी साग-सब्जियों को शामिल करने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनसामान्य को प्रधानमंत्री आवास योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के स्टाल में विशेषकर बुजुर्गों ने ब्लड प्रेशर का परीक्षण कराया। कार्यक्रम में खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, मत्स्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लीड बैंक, आयुष विभाग, कृषि विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर केन्द्र सरकार की योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी मेरी कहानी मेरी जुबानी पहल के तहत अपने अनुभव साझा किए।

रमशीला साहू ने बताया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत नल लग जाने पर पानी की दिक्कत नहीं होती। किसान यशवंत साहू ने बताया कि उन्होंने अपने खेत की मिट्टी का परीक्षण कराया है। जिसमें उन्हें वैज्ञानिक तरीके से खेती करने में मदद मिली और उपज में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए स्वाइल हेल्थ कार्ड बहुत उपयोगी है।



#### किसानों को किया प्रोत्साहित

कृषि विभाग के स्टॉल में मिनी लैब द्वारा मिट्टी परीक्षण किया गया। किसानों को प्राकृतिक खेती करने प्रोत्साहित किया गया। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ एवं रबी की जानकारी दी गई। उद्यानिकी विभाग के स्टॉल में शेडनेट हाऊस, राष्ट्रीय बागवानी मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को बताया गया। पशुपालन विभाग के स्टॉल में कृत्रिम गर्भाधान एवं पशुओं की देखरेख के लिए बताया गया। उद्योग विभाग के स्टॉल में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा के संबंध में जानकारी दी गई। आयुर्वेद विभाग के स्टॉल में मरीजों को निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया। हृदय रोग की रोकथाम, स्वस्थ जीवन हेतु संतुलित आहार के संबंध में जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल में मरीजों की सिकलिन जांच, टीबी, स्क्रीनिंग, शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, रक्त परीक्षण किया गया तथा उन्हें निःशुल्क दवाईयों का वितरण किया गया।

### कन्नोजे का राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए चयन



**राजनांदगांव।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय राजनांदगांव के डॉ. एसआर कन्नोजे राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी का चयन 2 से 8 जनवरी तक हेमंचद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग की संगठन व्यवस्था में आयोजित किए जा रहे स्वामी आत्मानंद शासकीय महाविद्यालय सोमनी राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए दल प्रभारी के रूप में किया गया है।

भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय रासेयो, क्षेत्रीय निदेषालय भोपाल (मप्र-छग) द्वारा वर्ष 2023-24 की विषय "युवा भारत, विकसित भारत, सशक्त भारत" (भारत की सांस्कृतिक एवं लोक कला और रचानात्मक गतिविधियों जैसे लोक नृत्य, संगीत, चित्रकला, हस्तशिल्प और साहित्यिक गतिविधियों से संबंधित गतिविधियां आयोजित की जाएगी। शिविर में शैक्षणिक गतिविधियों के तहत एक भारत-श्रेष्ठ भारत, वोकल फार लोकल, स्वच्छ भारत अभियान, महिला सशक्तिकरण, राष्ट्रीय एकता जैसे विषयों पर गायन/नृत्य, प्रश्न मंच, क्विज, वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल व प्राध्यापकगण, कर्मचारियों व स्वयंसेवकों ने बधाई दी है।

### युवक घर में मृत मिला

**राजनांदगांव।** एक युवक अपने घर में मृत अवस्था में मिला। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर लाइन निवासी राहुल गोलछा उम्र लगभग 42 वर्ष अपने घर में मृत अवस्था में मिला। बताया गया कि घर के लोग बाहर गए हुए हैं। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## महाशिवरात्रि पर्व पर 8 मार्च को मड़ई-मेला

**राजनांदगांव।** महाशिवरात्रि पूजा-अर्चना आगामी 8 मार्च को जय मां अष्टंगी चरण पादुका शक्तिपीठ मंदिर में नागदेव नागिनदेवी शिवलिंग रूद्राक्ष माला, तुलसी माला की विधि-विधान से गंगाजल, दूध, दही, घी, प्राकृतिक जडीबूटी, जलाभिषेक कर बेलपत्र, धतुरा, फुलहर से ब्रम्ह मुहूर्त सुबह 4 से 6 बजे तक हवन-पूजा, महाआरती, 56 प्रकार का भोग लगाया जाएगा। निःशुल्क भी तुलसी कण रूद्राक्ष माला दिए जाएंगे।

उक्त जानकारी देते सुदामा ठाकुर ने बताया कि एक जनवरी नया साल को आयोजित की गई मंडई मेला को महाशिवरात्रि 8 मार्च को रखा गया है। पेंड्री गौठान से ध्वज पताका, राऊत नाम व कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। चौक-चौराहों से प्रमुख मार्ग होते जमाही पुल रेल्वे लाइन में पूजा-अर्चना की जाएगी। दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक सेवा जस जगराता कार्यक्रम रखा गया है। हर श्रद्धालु से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

## अखिल भारतीय दृष्टिहीन महासम्मेलन कल से

- नेत्र व दंत का होगा परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सर लुईस ब्रेल की 216वीं जयंती पर संस्कार श्रद्धांजलि के तत्वावधान में दृष्टिबाधित संघ व माहेश्वरी पंचायत राजनांदगांव के विशेष सहयोग से दो दिवसीय अखिल भारतीय दृष्टिहीन महासम्मेलन आगामी 3 व 4 जनवरी को माहेश्वरी भवन में आयोजित किया गया है।

संस्था अध्यक्ष सतीश भट्टड़ ने बताया कि दृष्टिहीनों के समग्र उत्थान के उद्देश्य से आयोजित यह सम्मेलन सन 2006 से सतत जारी है। इस वर्ष भी मेडिकल कैंप, विवाह परिचय सम्मेलन, उनके बौद्धिक विकास हेतु ज्ञानवर्धक विभिन्न प्रतियोगिताएं, रोजगार, उच्च शिक्षा हेतु काउंसलिंग सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। 2 जनवरी की शाम से ही माहेश्वरी भवन में रूकने के साथ जलपान-भोजन, रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन से भवन तक आने-जाने की परिवहन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। 3 जनवरी के प्रातः साढ़े दस बजे अखिल भारतीय महासम्मेलन का शुभारंभ होगा। उदयाचल व सीआरएस सेंटर की टीम द्वारा सभी नेत्रहीनों की आंख की स्केनिंग के साथ विशेष जांच की जाएगी। वहीं छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज की टीम भी उपस्थितजनों का दंत परीक्षण व उपचार करेगी। इसके उपरांत ब्रेल शुद्ध लेखन वाचन, केबीसी के तर्ज पर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, सुगम संगीत व लोक संगीत के चयनित विजेताओं को 4 जनवरी को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कृत किया जाएगा।

#### 4 को नगर में निकलेगी रैली

4 जनवरी के सुबह दस बजे सर लुई ब्रेल की स्मृति में नगर में एक रैली निकाली जाएगी। समापन समारोह व पुरस्कार वितरण के लिए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को मुख्य अतिथि हेतु आमंत्रित किया गया है। आयोजन में सीआरसी सेंटर द्वारा पचास गरीब दृष्टिहीन बच्चों को उच्च शिक्षा के सहायतार्थ मोबाइल, ब्रेल कीट, स्मार्ट केन को समाज कल्याण द्वारा 100 नेत्रहीनों को छड़ी एवं पांच गरीब दृष्टिहीन बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु डीडीटी व देशभर से आए सभी दृष्टिहीन मेहमानों को गर्म स्वेटर वितरण किए जाएंगे। आयोजन को सफल बनाने संस्था के डीएल देवांगन, ममता बुद्धन, एजाज सिद्धि, मनोज शुक्ला, रमेश राठी, दिवाकर बाचपेयी, सुधा पवार, रूपम सोनक्षत्रा, राजेंद्र बेहरा, ऋषि मिश्रा, नरेन्द्र तायवाड़े, पदमा साहू जुटे हुए हैं।

## मोटर व्हीकल एक्ट में मोदी सरकार का संशोधन काला कानून : छाबड़ा

- वाहन चालकों के साथ अन्याय कर रही केंद्र सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने मोटर व्हीकल कानून में संशोधन को काला कानून बताया है। उन्होंने कहा कि वास्तविक परिस्थितियों, दुर्घटनाजन्य अलग-अलग कारणों को एक ही तराजू में तौलना सरासर अन्याय है। इस संशोधन को तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए।

उन्होंने इस नए कानून को लेकर कहा कि मोदी सरकार काले कानूनों को लाने का सिलसिला जारी रखे हुए हैं। उनके असंगत निर्णय का नतीजा है कि नए साल के पहले दिन ही देश की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है। आवश्यक वस्तुओं का परिवहन थम गया है। बस में सफर करने वाले लोग अपने गंतव्य तक पहुंचने परेशान हो रहे हैं। देशभर में वाहन चालक केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करने और हड़ताल करने मजबूर हैं। प्रदर्शनरत वाहन चालकों, वाहन मालिकों को अपना समर्थन देते श्री छाबड़ा ने कहा कि जिस तरह कृषि कानून लाकर किसानों को उकसाया गया, उन्हें अपने अधिकार की लड़ाई लड़ने मजबूर किया गया, वैसे ही दोबारा मोदी सरकार ने हालात पैदा कर दिए हैं। देश को इससे होने वाले नुकसान का अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। महंगाई से जूझता देश पहले ही हाशिए पर है और उस पर इस तरह के प्रदर्शनों से देश की रीढ़ टूट रही है। जिसके लिए केंद्र सरकार ही सीधे तौर पर जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि दिन-रात एक कर लगातार कई-कई घंटों और कई-कई दिनों तक गाड़ियां चलाकर वाहन चालक जनजीवन के लिए आवश्यक वस्तुएं पहुंचाने का काम करते हैं। वे अपने घरों से दूर एक सैनिक की तरह ठंडी, गर्मी, बारिश से जूझते हुए भी अपने कर्तव्य पर दृढ़ रहते हैं। मोदी सरकार ने इनके कल्याण के उपाय तो आज तक नहीं किए।

अलबत्ता इन्हें 10 साल कारवास में डालने, 7 लाख का जुर्माना लगाने जैसे कानून लाकर उन्हें प्रताड़ित करने की तैयारी की जा रही है।

## मोदी सरकार के काले कृषि कानून की तरह ही साबित हो रहा है एमवी एक्ट में संशोधन : मदन

**राजनांदगांव।** मोटर व्हीकल एक्ट में संशोधन एक बार फिर मोदी सरकार का काले ईरादे का दस्तावेज साबित हुआ है। जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने कानून में एमवी एक्ट में संशोधन के खिलाफ वाहन चालकों के प्रदर्शन का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि देश के वाहन चालक कड़ा संघर्ष कर रहे हैं। मोदी सरकार का कानून में यह नया संशोधन भी किसानों के लिए लाए गए काले कृषि कानून की तरह ही साबित हो रहा है।

किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष मदन साहू ने कहा कि आज तक वाहन चालकों को केंद्र सरकार की ओर से किसी तरह की योजनाओं का फायदा नहीं मिला है। अलबत्ता अब सरकार उन्हें 10 साल तक करावास में डालने और लाखों रुपए का हर्जाना भरने कानून लेकर आई है। सरकार जिसे दुर्घटना मान रही है, उसमें वाहन चालक को ही दोषी ठहराना कहां तक उचित है। उन्होंने कहा कि सरकार ने परिस्थितिजन्य विषयों पर नहीं सोचा और यह नया कानून थोप दिया, जब सड़क पर कहीं कोई दुर्घटना होती है तो सौ मामलों में 90 बार आमजन बड़े वाहन के चालक को ही दोषी ठहराते हैं। ऐसी स्थिति में वाहन चालक मॉब लिचिंग का शिकार हो सकते हैं। आक्रोशित जनता कई बार वाहनों को आग के हवाले कर देती है। ऐसी ही कई तरह की घटनाएं आए दिन होती रहती है। वाहन चालक के सामने अपनी जान बचाने की चुनौती होती है। मोदी सरकार को निशाने पर लेते साहू ने कहा कि अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने हमेशा ही आर्थिक और दूसरी व्यवस्थाओं को चोंट पहुंचाई है। जीएसटी, नोटबंदी, कृषि कानून जैसे विषय लेकर सरकार ने देश को विकास की रेस में पीछे धकेल दिया। अब एमवी एक्ट में संशोधन कर सीधे बड़े वाहन चालकों को ही दोषी ठहराए जाने का एक तरफा परिणामों वाला कानून थोपा जा रहा है। यह संशोधन तत्काल निरस्त किया जाना चाहिए।

### संस्कार सिटी कॉलेज में मना वीर बाल दिवस



**राजनांदगांव।** संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन ठाकुरटोला में 30 दिसंबर को वीर बाल दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम रखा गया है। इस दौरान ज्ञानी ओमवीर सिंह एवं सतनाम कौर विरदीजी द्वारा वीर बाल दिवस पर व्याख्यान दिया गया। तत्पश्चात महाविद्यालय के जिन प्रशिक्षणार्थियों ने प्रथम, द्वितीय स्थान प्राप्त किया, उन्हें प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। बीएड के सती नेताम प्रथम, विनय कुमार द्वितीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया। निबंध प्रतियोगिता में श्रद्धा रानी साहू प्रथम, रामेश्वरी देवांगन सेकंड, डीएलएड के विकास साहू प्रथम, गोविंद धामगे द्वितीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में, हिना साहू प्रथम, जनेश द्वितीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त किया। सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण उपस्थित थे।

## बेरोजगारी व पलायन रोकने की मांग

- छमुमो ने मुख्यमंत्री से की मांग

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के महासचिव बसंत साहू द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को राज्य के धान संग्रहण केंद्रों में धान संग्रहण कर राज्य के हजारों श्रमिकों को बेरोजगारी एवं पलायन रोकने मांग पत्र प्रेषित किया।

पत्र के माध्यम से बताया गया है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्षो से राज्य के किसानों का धान सहकारी समितियों के माध्यम से उपार्जन केन्द्रों में खरीदी की जा रही है। भंडारण के लिए शासन के छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित द्वारा राज्य के जिलों में विभिन्न स्थानों पर धान संग्रहण केन्द्र बनाया गया है। सभी संग्रहण केन्द्रों में हजारों की संख्या में श्रमिक कार्य करते हैं। जिसमें ज्यादातर ग्रामीण श्रमिकों को रोजगार प्राप्त होता है। जिससे बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रमिकों का दूसरे राज्यों में पलायन रूकता है। संग्रहण केन्द्रों में डाटा एंट्री, डेलीविजेस, ठेकेदारी श्रमिक, चौकीदारी एवं महिलाएं रेजा के रूप में हजारों की संख्या में श्रमिक कार्य करते हैं, परन्तु पिछली सरकार द्वारा पिछले वर्ष राज्य के सभी धान संग्रहण केन्द्रों में धान संग्रहण का कार्य बंद करा दिया गया है। जिससे हजारों श्रमिकों को बेरोजगारी के कारण आर्थिक समस्या से जूझते दूसरे राज्यों में पलायन का रास्ता अपनाना पड़ा।

उन्होंने कहा कि वर्तमान विधानसभा चुनाव में विधायको द्वारा धान संग्रहण केन्द्रों को चालू कराने श्रमिकों से वादा कर वोट बटोरा गया, परन्तु राज्य में नए मुख्यमंत्री चुनने एवं मंत्रिमंडल का गठन होने के बाद भी आज तक धान संग्रहण केन्द्रों में धान संग्रहण का कार्य प्रारंभ नहीं कराया गया है। राज्य के हजारों श्रमिक नई सरकार से उम्मीद लगाए बैठे हैं कि कब संग्रहण केन्द्रों के कार्य शुरू हो। जिससे रोजगार प्राप्त हो सके। बेरोजगारी व पलायन रोकने सरकार की मुख्य प्राथमिकता होती है। समितियों में लाखों टन धान जाम हो गया है। किसानों का धान विभिन्न समितियों में खरीदना बंद कर दिया गया है। मांग पत्र में मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है कि राज्य के हजारों श्रमिकों के बेरोजगारी से राज्य से पलायन जैसी गंभीर समस्या से बचाने राज्य में धान संग्रहण केन्द्रों में धान संग्रहण का कार्य शुरू कराने अतिशीघ्र निर्देश करने की मांग की गई है।



## खबर संक्षेप



### किशुनगढ़ में बाबा घासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई

**हरिभूमि पाण्डातराई।** विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम किशुनगढ़ में 31 दिसम्बर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती समारोह में पूर्व विधायक श्रीमती ममता चंद्राकर द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या ग्राम के सामाजिक व वरिष्ठजन उपस्थित थें।

ज्योतिषी
(अंतर्राष्ट्रीय वैदिक एकाद)
बना बनाया काम बिगड़ना, ऊपरी हवा, पति पर स्त्री के वस में होना, शराब छुड़ाने की गारंटी, वशीकरण मोहनी की गारंटी के साथ घरेलू समस्या, बच्चों का मन पढ़ाई में न लगना, शादी विवाह में अड़चन, प्रेम विवाह, सभी समस्या का निवारण, तंत्र-मंत्र वैदिक पद्धिति के द्वारा स्थायी हल।
पता- दीपक महाराज
रायपुर नाका, घोठिया रोड ज्योति विद्या मंदिर हाईस्कूल के पीछे कवर्धा
Mo. 9300415345

**समस्या:** सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट कई महीनों से बंद, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

# नई सरकार आने के बाद ग्रामीण को मूलभूत सुविधाओं का भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत कोलेगांव में महीनो से सौर ऊर्जा लाइट बंद व शोपीस की तरह खम्भे खड़ी है। जिसके ग्राम पंचायत कोलेगांव के ग्रामीणों को शाम होते ही भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। जिसके लिए ग्रामीणों ने जिम्मेदार ग्राम पंचायत एवं जिम्मेदार अधिकारियों को इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने की बात कहीं। जिससे कोलेगांव की गली-मोहल्ले व चौंक-चौराहों में अंधेरा ही अंधेरा पसरा रहता है। सौर ऊर्जा विभाग द्वारा पंचायत को दिया हुआ सौर लाइट महीनों सें बंद है।

वहीं ग्राम पंचायत व सौर ऊर्जा विभाग द्वारा मेंटनेंस नही कराए जाने के कारण सिर्फ और सिर्फ शोपीस की तरह खड़ा है। ग्राम पंचायत कोलेगांव के ग्रामीणों द्वारा नई सरकार बनने के बाद ग्रामीणों की उम्मीद जागी है ताकि इन छोटे-छोटे सुविधाओं का लाभ ग्रामीणों को मिल सकें।

कोलेगांव के ग्रामीण इसके पहले कई बार शिकवा-शिकायत व लिखित तथा मीडिया के माध्यम से शासन प्रशासन को अवगत करा चुके है, लेकिन जिम्मेदार व विभागीय अधिकारियों के अनदेखी व लारपवाही का खामियाजा ग्राम पंचायत कोलेगांव के ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। वहीं अब नई सरकार आ जाने के बाद ग्रामीणों, नागरिकों को भरोसा है कि जल्द से जल्द सौर ऊर्जा लाइट का मरम्मत व सुधार कार्य होगा, जिससे ग्रावासियों को राहत व सुविधा मिलेगा। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत कोलेगांव में 15वें वित्त के माध्यम से पंचायत द्वारा 10 स्ट्रीट लाइट लगाया गया है, एक स्टील लाइट की लागत राशि लगभग 25 हजार है जो पूरा शोपीस की तरह ग्रामीणों को चिढ़ा रहा है। वहीं ग्रामीणों द्वारा विभागीय शिकायत के बाद भी जनपद पंचायत सीईओ पंडरिया द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही करना समझ से परें है।

## ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सुधार की मांग



ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार अब देखने वाली बात है की प्रदेश में नई सरकार आने के बाद छोटे-छोटे मूलभूत सुविधाओं को जिला पंचायत जनपद पंचायत द्वारा कार्यवाही कर पाते है कि नहीं जबकि शासन द्वारा हजारों-लाखों रुपए की लागत राशि खर्च करने के बाद आज ग्राम कोलेगांव वासियों को शासन प्रशासन की मूलभूत सुविधाओं के लाभ से वंचित है। वहीं संपूर्ण स्वच्छता अभियान, सौर ऊर्जा लाईट जैसे सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग किए है कि जल्द से जल्द सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट की सुधार व मरम्मत कार्य किया जाए ताकि ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाओं का लाभ मिल सकें एवं गली-मोहल्ला व चौंक-चौराहा रोशन हो सकें।

# बैगा आदिवासियों को वितरित किए गर्म कपड़े, ग्रामीण उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया



पंडरिया ब्लाक के वनांचल ग्राम बैगापारा, हथिबुडान व भूरभुसपानी में सोमवार नए वर्ष के अवसर पर गर्म कपड़ा, बिस्किट व चॉकलेट वितरण किया गया। इस दौरान मोहन राजपूत, चंद्रप्रकाश राजपूत व सोनू देवांगन ने बताया कि नगर के विद्या ड्रेसेस के संचालक कपड़ा व्यवसायी गुरुनाम सिंह छाबड़ा द्वारा जरूरतमंद गरीब परिवार के लोगों तक पहुंचाने का कार्य उनके द्वारा किया। श्री राजपूत ने बताया कि प्रतिवर्ष श्री छाबड़ा सहित अन्य व्यवसायियों द्वारा कपड़ा प्रदान किया जाता है, जिसे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का कार्य किया जाता है। साथ ही अन्य कपड़ा दुकान से कपड़े कलेक्शन कर वनांचल के बैगा आदिवासी गांवो में पहुंचाया जाता है। उन्होंने बताया कि सोमवार को उक्त वनांचल गांवों के करीब 80 से अधिक लोगों को 300 से अधिक कपड़े वितरित किए गए। जिसमें छोटे बच्चे से लेकर बड़ों के लिए जीन्स पेंट, शर्ट सहित महिलाओं को भी कपड़ा वितरण किया। श्री राजपूत ने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में अन्य गांवों में भी जरूरतमंद लोगों तक इस प्रकार का सहयोग पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। वहीं कपड़े मिलने पर वनांचल बैगा आदिवासियों को ठंड के मौसम में बड़ी राहत मिलती है, सभी लोगों को यथाशक्ति सहयोग प्रदान करना चाहिए। इस दौरान मोहन राजपूत, चंद्रप्रकाश राजपूत व सोनू देवांगन उपस्थित थे।

## यादव समाज के नवनिर्वाचित विधायकों का सम्मान समारोह में जिले से यादव समाज हुआ शामिल



**हरिभूमि कोलेगांव।** सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश ने रायपुर में विधायक गजेंद्र यादव को मंत्रीमंडल में शामिल करने एवं पूर्व सांसद मधुसूदन को राजनांदगांव लोकसभा से टिकट देने भरी हुंकार। जिसमें छत्तीसगढ़ सर्व यादव समाज के बैनर तले प्रदेश के नवनिर्वाचित यादव विधायको का सम्मान समारोह प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के अगुआई में रायपुर के वृंदावन हाल में आयोजित सम्मान समारोह में सर्व यादव समाज कवर्धा सहित प्रदेश भर से सर्व यादव समाज के लोग जुटे। रविवार को राजधानी के वृंदावन हाल में सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश के तत्वधान में प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु के नेतृत्व व सरक्षक एवं पूर्व सांसद राजनांदगांव मधुसूदन यादव के मुख्य अतिथि में नवनिर्वाचित विधायक चंद्रपुर रामकुमार यादव, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव, दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव एवं संजरी विधायक राकेश यदु का सम्मान समारोह का आयोजन सम्पन्न किया गया। जिसमे जिले के सर्व यादव समाज के कार्यकारी जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश यदु के नेतृत्व समाजिक बंधु शामिल हुए। सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा पूर्व सांसद मधुसूदन यादव सहित समाज के सभी नवनिर्वाचित विधायकों को चांदी की मुकुट पहनाकर व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया, वही सर्व यादव समाज कबीरधाम द्वारा श्रीफल व शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। वही सम्मान समारोह में सर्व यादव समाज छत्तीसगढ़ प्रदेश ने दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को मंत्री मण्डल में शामिल करने एवं पूर्व सांसद मधुसूदन को आगामी लोकसभा में राजनांदगांव से टिकट देने हुंकार भरी। मंच के माध्यम से उन्होंने कहा कि गजेंद्र यादव को मंत्रिमंडल एवं मधुसूदन को लोकसभा के टिकट से वंचित रखा गया तो एक बार फिर प्रदेश सर्व यादव समाज राजधानी में हुंकार भरेगी, इस सम्मान समारोह में मुख्यरूप से सर्व यादव समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित 29 जिलों से सर्व यादव समाज के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थें।

# स्कूली छात्राओं को सिखाया आत्म सुरक्षा बनाने का गुर



■ स्कूली छात्राएं अपनी रक्षा के लिए रहीं विभिन्न गतिविधियां।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विकासखंड कवर्धा अंतर्गत बटालियन आकांक्षा चतुर्वेदी द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला जेवड़न खुर्द व सोनबरसा शाला के बालिकाओं को विभिन्न प्रकार की गतिविधियां के माध्यम से आत्मा सुरक्षा बनाने के लिए सीख दे रहे हैं, ताकि छात्राएं अपनी स्वयं की रक्षा कर सके।

उन्होंने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से बालिकाओं को अपनी बचाव कैसे करें अभ्यास तथा प्रशिक्षण के रूप में दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के साथ हमेशा अत्याचार होती रहती हैं इसलिए छात्राएं अपनी रक्षा स्वयं करना बहुत जरूरी है उन्होंने बताया कि यदि महिला एक गलती कर देती है तो पूरी समाज उसे हीन दृष्टि से देखते हैं और वहीं पुरुष 100 गलती करती है तो उन्हें क्षमाकर देती है, आज भी समाज परिवार में अंधविश्वास बना हुआ है वहीं पुरुष-महिलाओं में एक समान नहीं दिखाई पड़ती है इसलिए महिलाओं को अपनी स्वयं सुरक्षा करने की जरूरत है। इस दौरान बड़ी संख्या में शासकीय माध्यमिक शाला के छात्राएं उपस्थित थें।

# राम्हेपुर-चंडालपुर मार्ग में बीचों-बीच बिजली पोल राहगीरों के लिए खतरा

## ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन को बिजली खम्भा हटाने मांग की



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम पंचायत राम्हेपुर गांव के अंदर व ग्राम चंडालपुर जाने वाले मार्ग के बीचों-बीच गलियों में बिजली खंभा स्थित है, जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन व जिम्मेदार विभागीय को इस ओर ध्यान देने व खम्भा को हटाने की मांग की गई ताकि ग्रामीणो व राहगीरो को आवागमन में राहत व छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं से राहत मिल सके।

ग्रामीणो से मिली जानकारी के अनुसार गन्ना किसान अपनी फसल को ट्रैक्टर-ट्रॉली से गन्ना फसल भरकर आवागमन भारी दिक्कते होती है जिस पर ग्रामीण सुखूराम साहू ने बताया कि बिजली खंभा व तार पुराना, जर्जर व बदहाल होने के कारण बिजली तार भी कभी भी टूटकर गिर जाता है, वहीं ग्रामीणों द्वारा शिकवा-शिकायत के बाद भी जिम्मेदार विभागीय द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा है।

ग्रामीण संजय डहरिया ने बताया की गांव की गली-मोहल्ले में स्थित बिजली खंभा व तार अत्यंत जर्जर हो चुका है और लोगों को आवागमन लगातार चौबीसो घंटा लगा रहा है। जिसमें दो पहिया व चार पहिया वाहन चालक बिजली पोल में टक्कर हो जाता है जिससे वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे है। वहीं आसपास के छोटे-छोटे बच्चे के लिए खतरा का आशंका बना हुआ है यदि जिम्मेदार व विभागीय अधिकारियों द्वारा बिजली पोल को हटा दिया जाए और केवलीकरण की व्यवस्था कर दिया जाए तो ग्रामवासियो को भारी राहत व सुविधा मिल सकता है।

## नए वर्ष में शहर के मारूति वार्ड में सांस्कृतिक कार्यक्रम



**हरिभूमि कवर्धा।** नए वर्ष को लेकर शहर के मारुति वार्ड स्थिति अंबे चौक में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं नम्हे-मुन्हे बच्चों द्वारा शानदार मनमोहक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गइर। साथ ही गायक रामकुमार पांडेय, पुरन प्रजापति एवं तुलेश्वर शर्मा ने गीतों का समां बांधा। इस कार्यक्रम के दौरान गायक रामकुमार पांडेय, तुलेश्वर शर्मा एवं पुरन प्रजापति ने देर-रात तक धार्मिक एवं अन्य गीतों की प्रस्तुति दी। जिस पर दर्शक झूमते नचते गाते नजर आए। साथ ही साथ कलाकारों को समिति सदस्यों द्वारा शाल, शिल्ड एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस आयोजन के समिति सदस्य एवं कलाकार पूरन प्रजापति ने बताया कि कार्यक्रम रात्रि 8 बजे से शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रारंभ किया, कार्यक्रम में 12 वर्ष तक के स्कूली छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिस पर उपस्थित सभी को समिति सदस्य एवं मोहल्ले के वरिष्ठजनों ने मेडल, प्रमाणपत्र एवं शिल्ड देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान बुजूर्गो का भी सम्मान किया गया, जिसमें गोरेलाल कुम्भकार, मुरली सिंह परिहार, भरत केसरी सहित तीन महिलाओं को शाल व श्रीफल भेंट किए। वहीं मां अम्बे दुर्गा पूजा समिति द्वारा स्कूली बच्चों के बीच डांस प्रतियोगिता रखा गया। जिसमें भाव्या चौहान ने प्रथम पुरूस्कार स्थान वहीं आयुषी, रिया, श्रेया, सुरभि ने सामूहिक रुप से द्वितीय पुरस्कार एवं डाली एवं अन्य ने तृतीय पुरूस्कार प्राप्त किया। वहीं रात 12 बजे नए वर्ष के आगाज पर जमकर आतिश बाजी की गई। इस अवसर पर आनंद मिश्रा, रूपराम देवांगन, बृजमोहन कुंभकार, रविन्द्र कुंभकार, राम देवांगन, भुपेन्द्र कुंभकार, विजय यादव, कमलेश कुंभकार सहित बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी उपस्थित थें।

# मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से समस्त अतिथि व्याख्याता पदाधिकारियों ने भेंट-मुलाकात की

■ मुख्यमंत्री बनने व नए वर्ष की बधाई व शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से पहुना में समस्त अतिथि व्याख्याता समूह के पदाधिकारी ने सौजन्य भेंट-मुलाकात किए साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री बनने की बधाई व नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

महाविद्यायालीन अतिथि व्याख्याता द्वारा छत्तीसगढ़ के समूह अध्यक्ष लवकुमार वर्मा, छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालय में कार्यरत अतिथि व्याख्याता ने सौजन्य भेंट-मुलाकात किया। जिसमें अतिथि व्याख्याता द्वारा पिछले कई वर्षों से लंबित मांगों को लेकर चर्चा किया गया, उनके द्वारा सकारात्मक आश्वासन देकर महाविद्यालय अतिथि व्याख्याता का उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद समुचित छत्तीसगढ़ के विभिन्न महाविद्यालय में कार्यरत अतिथि व्याख्याता में उत्साह का वातावरण पैदा हो गया है और निश्चित ही हमारी मांगों को सहानुभूति पूर्वक पूर्ण विचार कर पूर्ण करेंगे ऐसी आशा है। साथ ही साथ मुख्य जॉब सुरक्षा, मातृत्व राज्य मध्य प्रदेश की तरह अन्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए आग्रह किया गया।

### शराब विक्रय करते एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पुलिस अधीक्षक डॉ अभिषेक पल्लव द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा-पट्टी पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला आरोपी टिकेन्द्र उर्फ टिकेन बंजारे छिरहा द्वारा अवैध देशी शराब बिक्री कर रहे है। जिस पर कवर्धा पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 16 पौवा देशी व कुल 1480 रूपए जप्तकर अपराध क्रमांक 904/2023 धारा 34(1) ख आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## श्री योग वेदांत सेवा समिति ने नशा-मुक्ति अभियान चलाया और बांटे कंबल



**हरिभूमि कवर्धा।** श्री योग वेदांत सेवा समिति ने नशा-मुक्ति अभियान के तहत संत आशाराम बापू की पावन सद्प्रेरणा से संचालित श्री योग वेदांत सेवा समिति के सदस्य रवि कुकरेजा द्वारा प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी सोमवार को जिले के बोड़ला ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत खदौड़ा खुर्द के आश्रित ग्राम में सुंदूर बैगा आदिवासी अंचल में सैकड़ो गरीब आदिवासी परिवारों के बीच भोजन भंडारा, कंबल, चप्पल, खजूर, छोटे बच्चों को गर्म कपड़े सहित जीवनोपयोगी वस्तुएं वितरण किया गया। समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में खदौड़ा खुर्द आश्रित ग्राम गांगीडबरी एवं साजाटोला व आसपास क्षेत्र के गरीब आदिवासी परिवारों को चिन्हांकितकर ग्राम में आयोजित सामूहिक कार्यक्रम में वितरण किया गया। इस दौरान श्री योग वेदांत सेवा समिति सदस्य कपूरचंद्र ठाकरे, गणेश साहू, उदय, महेंद्र लांझी सहित रवि कुकरेजा के सपरिवार प्रमुख रूप से उपस्थित थे। साथ ही साथ नशा मुक्ति अभियान के तहत गरीब बैगा आदिवासी परिवारों को नशा के प्रति जन-जागरूक करते हुए नशा करने वाले व्यक्ति एवं उनके आने वाले पीढ़ी को होने वाले नुकसानों से अवगत करते हुए उनसे बचने के उपाय बताएं व जन-जागरूक किया।

# पेट्रोल-डीजल नहीं मिलने से मोटर-सायकिल चालकों के लिए नया वर्ष फीका रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

नए वर्ष 2024 में शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल पंप में पेट्रोल-डीजल नहीं मिलने से दो पहिया मोटर-सायकल व चार पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा। ग्रामीणों से मिली जानकारी नए वर्ष के पहले ही दिन आम नागरिकों को शहर व क्षेत्र के कई पेट्रोल पंप में पेट्रोल-डीजल नहीं मिलने से भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा वहीं कोई इमरजेंसी जैसे तबीयत खराब हो या कहीं आने-जाने के लिए पेट्रोल पंप में पेट्रोल-डीजल नहीं मिलाना कहीं ना कहीं दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों के लिए परेशानियां रहीं। साथ ही साथ कवर्धा-रायपुर, कवर्धा-राजनांदगांव, कवर्धा-बिलासपुर सहित आसपास क्षेत्र में बस चालकों द्वारा हड़ताल व बंद होने के कारण शहर व अंचल के ग्रामीणों द्वारा एक मात्र सहारा मोटर-सायकल था कहीं आने-जाने के लिए वह भी पेट्रोल पंप में पेट्रोल-डीजल नहीं मिलने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। इस तरह नए वर्ष के पहले ही दिन दो पहिया मोटर-सायकल व चार पहिया वाहन चालकों को नए वर्ष में कहीं जाने के लिए भी नहीं मिला अगर ऐसा दो-तीन दिन रहा तो गाड़ी का पहिया थम जाएगा।

Health Town
यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• Revision TKR,THR
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
• अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
• विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक
सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराना प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन
जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

**खबर संक्षेप**

### पंच कुण्डीय यज्ञ, भागवत कथा आयोजित

**स.लोहारा।** सहसपुर लोहारा स्थित बांधाटोला रोड़ के पास पंच कुण्डीय यज्ञ व श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहा हैं, जिसे लेकर तैयारियां भी जोरों पर हैं। वही यज्ञ प्रारंभ से पहले कथा स्थल का भूमि पूजन व ध्वज स्थापित हुआ। लक्षेश्वर धाम के प्रमुख ब्रह्मचारी ज्योतिर्मयानंद के श्रीमुख से कथा श्रवण किया जाएगा। वही उनके सानिध्य में यज्ञ सपन्न होना हैं। लोहारा में आगामी पौष कृष्ण सप्तमी से अमावस्या तक तदनुसार 3 से 11 जनवरी तक पंच कुण्डीय रुद्र और श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन होने जा रहा है। वैसे तो कबीरधाम के हर गांव के लोग बड़े ही सनातनिय और धार्मिक है। वही जब से यहां यज्ञ होना तय हुआ है। तभी से आयोजक व स्थानीय लोग जोर-शोर से तैयारी में जुटे हुए हैं। कार्यक्रम पूर्व कथा स्थल और यज्ञ शाला का भूमिपूजन कर धर्मध्वज लगाया गया है।

### नवोदय विद्यालय की प्रवेश चयन परीक्षा 20 को

**कवर्धा।** जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2024 के लिए चयन परीक्षा 20 जनवरी को आयोजित होगी। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रचार्य प्रभाकर झा ने बताया कि प्रवेश परीक्षा 2024 के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय के वेबसाइट या सीबीएसई द्वारा जारी किए गए लिंक से अभ्यर्थी अपने 11 अंकों का रजिस्ट्रेशन नंबर, जन्मतिथि डालकर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर उक्त तिथि एवं समय 10.30 बजे पहुंचकर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। समय पर पहुंचे ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।


### अवैध शराब बेंचते आरोपी गिरफ्तार

**कवर्धा।** कवर्धा कोतवाली पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी निरीक्षक एमबी पटेल ने बताया कि अवैध शराब, जुआ, सट्टा की कार्यवाही के लिए टीम रवाना किया गया था। मुखबीर से सूचना मिली कि देशी शराब की अवैध बिक्री कर रहे हैं। आरोपी टिकेन्द्र उर्फी टकेन बंजारे की तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 16 पौवा देशी प्लेन शराब और बिक्री रकम 200 रुपए जब्त किया। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा का स.लोहारा, सिल्हाटी व बिरोड़ा में किया गया ऐतिहासिक स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा का सहसपुर लोहारा, सिल्हाटी और बिरोड़ा के प्रथम आगमन पर क्षेत्र के ग्रामीण, किसान, महिला और युवाओं ने ऐतिहासिक स्वागत किया। लोक पारंपारिक वाद यंत्रों, नृत्य और डीजे की धुन पर आतिशबाजी के साथ उपमुख्यमंत्री का स्वागत हुआ। सहसपुर लोहारावासियों ने उपमुख्यमंत्री के प्रथम आगमन पर उन्हें लड्डूओं से तौलकर उनके उपमुख्यमंत्री बनने की बधाई भी दी। साथ ही पुष्पवर्षा और गज माला से स्वागत भी किया गया। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने स्वागत से अभिभूत होकर क्षेत्रवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आप लोग के आशीर्वाद से प्रदेश में नई सरकार बनी है। इस सरकार में मुझे मुख्यमंत्री विषणुदेव साय ने मुझे बड़ी जिम्मेदारी भी दी है। उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक




देश है, यह लोकतंत्र की खुबशुरती है कि आज मैं आप लोगों का आशीर्वाद और सहयोग से यहां तक पहुंच पाया हूं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार में मुझे भले ही उपमुख्यमंत्री, गृहमंत्री जैसे बड़े विभाग का दायित्व और जिम्मेदारी मिली है। लेकिन मैं इस जिले के लिए एक बेटा, भाई और संगी-साथी बनकर ही आप लोगों के बीच में रहूंगा और पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के समग्र विकास के लिए काम करता रहूंगा। उन्होंने कहा है कि मुझे आप लोग समय-समय पर क्षेत्र विकास के लिए मार्गदर्शन भी देते रहेंगे, उन मार्गदर्शनों को आप लोग के आशीर्वाद से जिले के विकास को नई उचांईयां प्रदान करता रहूंगा। उन्होंने सहपुर लोहारावासियों की मांग पर माताजी के मंदिर के समीप अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए 10 लाख और शिशु मंदिर के लिए 05 लाख रूपए देने की घोषणा की। उन्होंने क्षेत्र के सड़क निर्माण के मांगो पर भरोसा दिलाते हुए कहा कि जिले के समग्र विकास के साथ पुल-पुलिया निर्माण के लिए आगामी बजट में शामिल करने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। अधोसंरचना और सड़क, पुल-पुलिया निर्माण के लिए मेरा प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

**चक्काजाम: थमे रहे बसों के पहिए, यात्रियों को भुगतनी पड़ी परेशानी**

# वाहन चालकों की हड़ताल से ठप रही जिले की परिवहन सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नए साल की पहली तारीख बस यात्रियों के लिए काफी परेशानियों से भरी रही क्योंकि इन यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए जिले के किसी भी बस स्टेण्ड से घंटों इंतजार के बाद भी बसें, टैक्सी अथवा दूसरे सवारी वाहन नहीं मिले। जिसके चलते थकहार कर यात्रियों को अपनी यात्रा स्थगित करनी पड़ी। दरअसल बस सहित दूसरे सवारी अथवा माल वाहक, वाहनो के चालक केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में देश में लागू किए नए हिट एंड रन कानून का विरोध कर रहे है। भारतीय न्याय संहिता 2023 में हुए संशोधन के बाद हिट एंड रन के मामलों में दोषी ड्राइवर पर 7 लाख रुपए तक का जुर्माना और 10 साल तक कैद का प्रावधान है। इस विरोध प्रदर्शन में बस सहित दूसरे सवारी अथवा माल वाहक, वाहन चालकों के लिए लापरवाही अथवा दुर्घटना की स्थिति में सजा व अर्थ दण्ड का नया प्रावधान किया जा रहा है। इसी नए प्रावधान के विरोध में अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत वाहन चालकों ने नए साल की पहली तारीख से हड़ताल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि वैसे तो वाहन चालकों ने विरोध स्वरूप तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान कर रखा है लेकिन बस संचालकों की माने तो इस बात की पूरी संभावना है कि मंगलवार तक चालकों की हड़ताल समाप्त हो जायेगी। सोमवार को बस चालकों की इस हड़ताल का असर सुबह से ही दिखना शुरू हो गया था। हड़ताल के चलते जिला मुख्यालय कवर्धा के बस स्टैण्ड से एक भी बस के पहिए टस से मस नहीं हुए। जबकि देखा जाए तो जिला मुख्यालय के बस स्टैण्ड से भोर फटने के साथ ही कवर्धा से रायपुर, कवर्धा से बिलासपुर, कवर्धा से राजनांदगांव, कवर्धा से जबलपुर सहित लोकल बसों की दौड़ भाग शुरू हो जाती है। लेकिन सोमवार को कोई भी बस अपने गंतव्य के लिए रवाना नहीं हो सकी। जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ा और उन्हें नए साल के पहले ही दिन भारी परेशानी उठानी पड़ी।





### दिनभर भटकते रहे यात्री

कवर्धा सहित जिले के ब्लाक मुख्यालय स. लोहारा, पंडरिया तथा बोड़ला के बस स्टैण्ड में यात्रियों को बसों का इंतजार करते देखा गया। लेकिन लम्बे इंतजार के बाद भी उन्हें साधन नहीं मिला। यहां तक की यात्रियों को इस बात की भी जानकारी देने वाला कोई नहीं था कि आखिर अचानक बसें क्यों बंद हो गई। जानकारी के आभाव में यात्री अपनी यात्रा की पूरी तैयारी के साथ बस स्टैण्ड पहुंचे थे लेकिन उन्हें वापस लौटना पड़ा।

### स्कूल बसों के पहिए भी थमे

यात्री बसों के साथ ही चालकों की हड़ताल का असर स्कूल वाहनो पर भी देखने को मिला। सोमवार को जिला मुख्यालय कवर्धा में संचालित प्रायः सभी निजी स्कूलों के वाहनों की सेवा ठप रही। जिसके चलते बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाए और स्कूल संचालकों को स्कूल में छुट्टी घोषित करनी पड़ी हालांकि कई निजी स्कूलों में शीतकालीन अवकाश के बाद 2 जनवरी से स्कूल खोलने की जानकारी पहले ही बच्चों को दे दी थी।

### तीन दिवसीय हड़ताल का ऐलान

जानकारी के मुताबिक सजा व अर्थदण्ड के नए प्रावधान के विरोध में वाहन चालकों ने तीन दिनो की हड़ताल का ऐलान किया है। ऐसे में अगर उनकी यह हड़ताल तीन दिनों तक चलती है तो निश्चित रूप से यात्रियों सहित स्कूल संचालकों के लिए गंभीर समस्या खड़ी हो जायेगी। न तो यात्री अपने गंतव्य तक पहुंच पायेंगे और न ही बच्चे स्कूल ही जा पायेंगे।



## चालक संघ ने जिला कार्यालय पहुंचकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

इस संबंध में ड्राईवर एकता संगठन कवर्धा जिला कबीरधाम के अध्यक्ष कृष्णा वाहने ने बताया कि सभी वाहनो के चालक केन्द्र सरकार द्वारा पारित हिट एण्ड रन कानून के विरोध में 1 जनवरी से 3 जनवरी तक अड़ताल पर हैं। उन्होने बताया कि इस कानून के विरोध में जहां सोमवार को सभी वाहन चालक हड़ताल पर रहे हैं वहीं चालक संघ ने रैली निकालकर जिला कार्यालय के सामने धरना दिया और अपनी मांगों से संबंधित एक ज्ञापन शासन के नाम जिला प्रशासन को सौंपा। ड्राईव्र एकता संगठन कवर्धा जिला कबीरधाम के अध्यक्ष कृष्णा वाहने ने बताया कि राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय संगठन ने हिट एण्ड रन कानून के विरोध में तीन दिवसीय चक्काजाम का ऐलान किया है और हमने इसका समर्थन करते हुए कबीरधाम जिले में चक्काजाम का आयोजन किया है जो 1 जनवरी से लेकर तीन जनवरी तक चलेगा। आगे जैसा निर्णय लिया जाएगा उसके हिसाब से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर ड्राईवर एकता संगठन के पदाधिकारी तथा सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नववर्ष पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कर्मचारियों को खिलाई मिठाई

- डिप्टी सीएम की इस पहल से कर्मचारियों में दिखी खुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अपने दो दिवसीय प्रवास पर रविवार को कवर्धा पहुंचे कवर्धा विधायक एवं प्रदेश उप मुख्यमंत्री, मंत्री गृह, जेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग विजय शर्मा ने नए साल की पहली तारीख को जिला कार्यालय में विभागीय एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली।

इससे पूर्व जिला कार्यालय पहुंचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कार्यालय में मौजूद सभी शासकीय कर्मचारियों को नए साल के उपलक्ष्य में मिठाई वितरण की और उनका मुंह मीठा कराकर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा की इस शानदार पहल को देख कर्मचारियों में काफी खुशी देखी गई और उन्होने इसकी प्रशंसा की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिला कार्यालय सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी तथा भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित थे।



## टीचर्स एसोसिएशन ने विधानसभा अध्यक्ष व स्कूल शिक्षा मंत्री का किया स्वागत



**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि एसोसिएशन के प्रांतीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से राजधानी रायपुर स्थित उनके निवास में अलग-अलग मुलाकात कर स्वागत किया, तत्पश्चात शिक्षक एलबी संवर्ग के मांगो का ज्ञापन सौंपा। शिक्षक एलबी संवर्ग के मांगों में प्रमुख रूप से पूर्व सेवा अर्थात शिक्षा कर्मी के पद पर प्रथम नियुक्ति के आधार पर पुरानी पेंशन के लिए सेवा अवधि की गणना करना, पेंशन निर्धारण हेतु अर्हकारी सेवा 33 वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार की तरह 20 वर्ष करना, सहायक शिक्षकों के वेतन विसंगति को दूर करना, पूर्व सेवा अवधि के आधार पर क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करना, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला, शिक्षक, प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला, व्याख्याता एवं प्राचार्य के पदों पर पदोन्नति किया जाना, केंद्र सरकार द्वारा देय तिथि एक जुलाई 2023 से लंबित चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता प्रदान किया जाना शामिल है। प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से प्रांताध्यक्ष संजय शर्मा, सुधीर प्रधान, देवनाथ साहू, बसंत चतुर्वेदी, मनोज सनाढ्य, हेमेंद्र साहसी सहित प्रांतीय व जिला पदाधिकारी उपस्थित थे।

# समय सीमा के भीतर किए जाएंगे सभी कार्य: डिप्टी सीएम विजय शर्मा

- समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से रूबरू हुए विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आज जिले के सभी विभागीय एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक ली गई है और सभी विभागों के कामकाज के साथ उनके माध्यम से संचालित केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा की गई है। हमारा उद्देश्य है कि जिले में सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंच सके। उक्त बातें कवर्धा विधायक एवं प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पदभार ग्रहण करने के बाद सोमवार को पहली बार जिले के प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेने के बाद पत्रकारों से रूबरू होते हुए कहीं। उन्होने कहा कि हमने सभी विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा की है और उन्हें एक समय सीमा निर्धारित कर कार्यो को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि बैठक में सभी अधिकारियों ने साथ मिलकर काम करने का भरोसा दिया है। अगली बैठक में इस बैठक के परिणामों की समीक्षा की जाएगी और उसके हिसाब से आगे की कार्यवाही होगी। श्री शर्मा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि आज जनमानस के बीच से जो विभागीय समस्याएं, शिकवा शिकायतें सामने आएंगी उनका निराकरण किया जाएगा। इस संबंध अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए गए है।



## समिति ने जरूरतमंदों को बांटे गर्म कपड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा। जनसेवा समिति कवर्धा एक सोच एक पहल संस्था द्वारा जनसेवा के कार्य करती रही है। वर्ष के अंतिम दिवस रविवार को भी वनांचल क्षेत्र पहुंचकर जरूरतमंद लोग कंबल वितरण किए। संस्था के सदस्यों द्वारा हर वर्ष ठंड में जरूतमंद को गर्म कपड़े प्रदान करती रही है। संस्था के सदस्यों ने बताया कि जनसेवा को सर्वोपरि मानते हुए कार्य किया जाता रहा है। इससे पहले भी बीते वर्ष में पौधरोपण, यातायात नियम जागरूकता, स्वच्छता, वृद्धाश्रम, तालाब की स्वच्छता, गौ सेवा, प्रसाद वितरण के कार्य किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समिति के सदस्य व पदाधिकारी उपस्थित थे।

**इक्का दुक्का पेट्रोल पंप में मशक्कत के बाद मिल पा रहा पेट्रोल**

# जिलेभर के पंपो में पेट्रोल का टोटा, वाहन चालकों की हड़ताल का असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

एक तो वाहन चालकों की हड़ताल से परिवहन सेवा ठप पड़ चुकी है तो दूसरी तरफ कवर्धा सहित के पेट्रोल पंपों से पट्रोल नहीं मिलने के कारण लोगों की समस्या और ज्यादा बढ़ गई है।

बताया जा रहा है कि हिट एण्ड रन कानून के विरोध में वाहन चालकों की तीन दिवसीय हड़ताल की भनक लगते ही जिले के अधिकांश पेट्रोल पंप चालकों ने रविवार की रात से ही अपने-अपने पेट्रोल पंपो को बंद कर दिया। जिसके कारण अब वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं मिल पा रहा है। जिससे लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक प्रकार से बगैर कोई पूर्व सूचना के की जा रही इस हड़ताल और उस पर पेट्रोल पंप संचालकों की मनमानी से आम लोगों में खासी नाराजगी भी देखने को मिल रही है। पेट्रोल पंप पहुंच रहे लोगों का साफ कहना है कि यह मनमानी है अगर उन्हें पहले ही इस बात की जानकारी दी जाती है कि फलां तारीख से पेट्रोल नहीं मिलेगा तो वे अपनी व्यवस्था पहले से कर लेते लेकिन अचानक भयानक लिए एक इस फैसले से लोगों के कई आवश्यक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जानकारी के मुताबिक कवर्धा शहर में संचालित प्रायः सभी पेट्रोल पंप से वाहन चालक बगैर पेट्रोल भरवाए ही वापस लौट रहे हैं। वहीं पेट्रोल पंप चालकों का कहना है कि वाहन चालकों की हड़ताल के कारण पेट्रोल के टेंक पंपों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं और उनके पास अब सिर्फ रिजर्व कोटे का ही पेट्रोल डीजल है जिसके कारण पेट्रोल का सार्वनिक वितरण बंद करना पड़ा है। हालांकि नगर के इक्का दुक्का पेट्रोल पंपों में अभी पेट्रोल मिल रहा लेकिन इन पेट्रोल पंपों से अपने वाहन में पट्रोल भरवाना किसी जंग जीतने से कम नहीं है। इनमें लोगों की भारी भीड़ देखने को मिल रही है।



# नववर्ष के पहले दिन मंदिरों में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नववर्ष 2024 के पहले दिन नगर सहित अंचल के मंदिरों में लोगों की खासी भीड़ देखी गई। खासकर अंचल के प्रसिद्ध पर्यटन व धार्मिक आस्था के केन्द्र भोरमदेव मंदिर, जालेश्वर महादेव घाट मंदिर, कवर्धा नगर के मां विंध्यवासनी मंदिर, काली मंदिर महामाया मंदिर सहित अन्य मदिरों में बड़ी संख्या में महिला, पुरूष तथा युवाओं ने पहुंचकर अपने नए साल की शुरूआत भगवान की पूजा अर्चना के बाद उनसे आशिर्वाद प्राप्त की। यहां सुबह से लेकर देर शाम तक लोगों की भीड़ देखने को मिली। इसके अलावा नगर के मंदिरों में भी अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली।

